08- JULY- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 7/9/2024 12:12 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**तीन बरस में काम आधा अधूरा, कहीं ठेकेदार भागा तो कहीं-कहीं कछुआ गति से निर्माण की औपचारिकता जल आवर्धन योजना**




भिलाई- जेएम तांडी, राजनांदगांव-हफीज खान, जगदलपुर- अनिल सामंत और धमतरी-दीप नारायण शर्मा की विशेष रिपोर्ट

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के उन घरों तक भी शुद्ध जल पहुंचाया जाना था, जहां के लोग अब तक स्थानीय स्रोत के जरिए जीवन के लिए जरूरी जल की व्यवस्था कर रहे थे, लेकिन लालफीताशाही और उदासीनता ने मिशन को इंपासिबल जैसा बना दिया है। तय सीमा कब की निकल चुकी है और अभी भी कहीं सिर्फ टंकी बनी है तो कहीं पाइपलाइन। घरों में शुद्ध जल आज भी नहीं पहुंचा है। हरिभूमि ने दूसरी किस्त में प्रदेश के राजनांदगांव, धमतरी, भिलाई और जगदलपुर में योजना की शेष पेज 6 पर

### 9 माह में पूर्ण करना था कार्य


लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के राजनादगांव डीविजन अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़, खैरागढ़ , मोहला, राजनादगांव में रायपुर की एक फर्म को योजना के तहत कुल 10 एग्रीमेंट में 25 करोड़ 70 लाख के कार्य औसतन 32% एबोव शेष पेज 6 पर

# जल जीवन मिशन या मिशन इंपासिबल.... कहीं सिर्फ टंकी, कहीं केवल पाइपलाइन बिछी

भिलाई

### जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही आम जनता

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में अधिकारियों की लापरवाही के कारण जनता के पैसों की बर्बादी करने कोई कसर नहीं हो रही है। यहां के 40 वार्डों में पेयजल सप्लाई के लिए सौ करोड़ की जलावर्धन योजना को वर्ष 2013 में भिलाई-चरोदा क्षेत्र के लिए लाया गया था। इस काम में 80 फीसदी रकम केंद्र और दस-दस फीसदी रकम राज्य शासन, नगरीय निकाय द्वारा लगाया गया था। निगम को पहली किस्त के रूप में शासन से 44.80 करोड़ रुपए मिल गए हैं। निगम द्वारा इस काम के लिए शेष पेज 6 पर



### अब तक नहीं हो सकी पूरी

जल आवर्धन योजना को हर हाल में वर्ष 2020 के अंतिम तक शुरु होना था। लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण भिलाई-चरोदा में यह योजना अब तक खटाई में है। फिलहाल खारून नदी का पानी सिरसा कला के मुख्य टंकी में पहुंच रहा है। लोड टेस्टिंग भी करीब पूरी हो गई है। योजना के तहत 14 नई टंकियों निर्माण होना था। लेकिन एक टंकी रेलवे से बिना अनुमति के निर्माण कराया जा रहा था। जिस पर रेलवे ने रोक शेष पेज 6 पर


धमतरी

### पेमेंट नहीं होने से ठेकेदारों ने अधूरा काम छोड़ दिया

धमतरी में लापरवाही से जल जीवन मिशन अधर में लटक गया है। जिले के 643 गांव में इस योजना के तहत 728 प्रोजेक्ट चल रहे हैं। पेमेंट नहीं होने से ठेकेदारों ने अधूरा काम छोड़ दिया है। जल जीवन मिशन योजना को शुरु हुए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन अभी भी अधिकांश काम अधूरे है। ठेकदारो को पेमेंट के नाम पर सिर्फ एक किस्त मिली है। अधिकांश काम फाइनल स्टेज में है लेकिन पेमेंट नहीं मिलने से कारण ठेकेदारों ने अधूरे में ही काम लटका दिया है। कहीं पर टंकी अधूरी है तो कहीं पर पाइप लाइन।



जगदलपुर



### यह है स्थिति

वनांचल के रानीगांव में जल जीवन मिशन की पानी टंकी दो साल से अधूरी है। इसकी गुणवत्ता पर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्राम सांकरा सिहावा के सतनामीपारा में इस योजना के तहत पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई है। यहां पर टेपनलों से लोग पानी भरते हैं। ग्राम पंचायत शकरवारा में तो अधिकांश घरों तक पानी ही नहीं पहुंचता है।

### समूचे बस्तर में नल-जल मिशन योजना फेल

वर्ष 2022 में बस्तर संभाग के सातों जिलों में योजना पर काम शुरू हुआ, लेकिन इन दो वर्षों में कुछ पंचायतों में टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन आज पर्यन्त पाइप लाइन का शेष पेज 6 पर




## खबर संक्षेप

### देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार पुलिस ने जारी किया नोटिस

**रायपुर/भिलाई।** बलौदाबाजार में जैतखंब विवाद को लेकर 10 जून को हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर स्थानीय पुलिस ने भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को मंगलवार को पूछताछ करने नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि घटना दिनांक को शेष पेज 6 पर



### 5800 से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ के लिए रवाना

**जम्मू।** जम्मू से 5,800 से अधिक तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दो आधार शिविरों के लिए रविवार देर रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए। अब तक दो लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।



### 26 हफ्ते के गर्भ को नष्ट करने की अनुमति नहीं

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महिला को 26 सप्ताह का गर्भ नष्ट करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। अदालत ने रेखांकित किया कि महिलाओं को मिलने वाले सामाजिक दंड का समान हिस्सा जैविक पिता को देने कोई तंत्र नहीं है।



### साल के अंत तक बनेगा पहला मानव दूध बैंक

**जम्मू।** आम तौर पर मानव दूध बैंक के तौर पर पहचाने जाना वाला पहला 'कॉम्प्रीहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर इस साल के अंत तक यहां एक सरकारी अस्पताल में कार्य करना शुरू करेगा।



### माता-पिता और बेटे की गला रेतकर हत्या

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में अज्ञात लोगों ने एक दंपति और उनके बेटे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मुंशी बिंद (45), उसकी पत्नी देवंती बिंद (40) और बेटे रामाशीष बिंद (20) की हत्या कर दी गई।



जम्मू-कश्मीर में दो महीने के भीतर सेना के वाहन पर दूसरा हमला

# कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकियों का हमला, पांच जवान शहीद, छह घायल

एजेंसी ⏭ कठुआ/जम्मू

*जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के माचेडी इलाके में सेना के वाहन पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं। आतंकवादियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। यह 2 महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे।*

सेना के जवान कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की लेकिन आतंकवादी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच रूक-रूक कर गोलीबारी जारी रहने की सूचना है। एक अधिकारी ने कहा, कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से पांच की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गये हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे।

पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।



**इलाके की घेराबंदी** जिला कठुआ के कंडी क्षेत्र लोहाई मल्हार में जैंडा नाला के पास आतंकियों ने सैन्य वाहन को निशाना बनाया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की अन्य टीमें भी मुठभेड़ स्थल के लिए पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी कर ली गई। आसपास के संपर्क मार्गों को भी अलर्ट कर दिया गया है। सेना का ऑपरेशन देर रात तक जारी रहा।

### कठुआ में सेना के वाहन पर ग्रेनेड फेंका और की गोलीबारी



### कुछ महीनों में कई आतंकी हमले

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ महीनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। पिछले महीने आतंकियों ने रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर गोलीबारी की, इससे वह खाई में गिर गई और 9 लोगों की मौत हो गई। इसके तुरंत बाद दो हथियारबंद आतंकी एक गांव में घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और इसमें एक जवान शहीद हो गया।

### एनकाउंटर में मारे गए 6 आतंकी

आज का हमला जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 6 आतंकियों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। शनिवार को शुरू हुई मुठभेड़ों में एक पैरा-ट्रूपर समेत दो जवान शहीद हो गए और एक अन्य जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मोदरगाम एनकाउंटर वाली जगह से दो आंतकियों के शव बरामद किए गए हैं। वही, चिन्नीगाम एनकाउंटर वाली जगह से चार आतंकियों के शव बरामद किए गए हैं।

### कठुआ जिले में सुरंग होने का शक

कुछ दिनों पहले कठुआ जिले में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास गांव के एक व्यक्ति ने अपने खेत के नीचे बॉर्डर पार सुरंग होने का संदेह जताया था। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। बार्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवान पुलिस के साथ मिलकर मौके पर खुदाई कर रहे हैं।

# निलंबित अधीक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज


नशेड़ी अधीक्षक ने बच्चों को पीटा फिर हॉस्टल से कर दिया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे में छात्रावास के बच्चों की पिटाई कर बाहर करने के मामले में छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है, उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। शासकीय प्री. मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, डुमरिया में पदस्थ छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज ने 6 जुलाई की रात नशे की हालत में छात्रावास में निवासरत छात्रों के साथ मारपीट कर उन्हें बाहर निकाल दिया था। घटना से नाराज अभिभावकों ने अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मित्तल ने छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरित कदाचार एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में बताते हुए निलंबित कर दिया है। मंडल संयोजक फरसाबहार के प्रतिवेदन पर यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में छात्रावास अधीक्षक का मुख्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर निर्धारित किया गया है।

- नशे की हालत में छात्रों की पिटाई, जांच में हुई पुष्टि

### जांच के बाद अपराध दर्ज

नायब तहसीलदार सुरजन राम पोर्ते, सब इंस्पेक्टर नंद किशोर पैंकरा ने मामले की जांच की । जांच टीम ने इस मामले में छात्रावास के स्वीपर विनोद साय और प्रदीप कुमार का लिखित बयान लिया। इन दोनों ने जांच अधिकारियों को बताया कि 6 जुलाई की शाम लगभग साढ़े 6 बजे जब वे सब्जी लेकर छात्रावास वापस आया तब छात्रावास के कैम्पस में दो बच्चे चक्रधर और एमानुएल बैठकर रो रहे थे। उन्होने जब बच्चों से रोने का करण पूछा तो बच्चों ने हास्टल अधीक्षक नरसिंह मलार्ज द्वारा मारपीट कर, छात्रावास से बाहर निकाले जाने की जानकारी दी।

नीट-यूजी 2024 पर तल्ख टिप्पणी

# सीजेआई बोले- शुचिता यदि 'नष्ट' हो गई है तो पुन: परीक्षा का देना होगा आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक पर मामले सोमवार का सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। यदि परीक्षा की शुचिता नष्ट हो जाती है, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने साथ ही एनटीए और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा लीक होने और वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में 10 जुलाई तक जानकारी मांगी। मामले की सुनवाई अब 11 जुलाई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा लीक होने और वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने पेपर लीक के लिए अपनायी गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। इसके साथ ही उसने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचाने हुई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक शेष पेज 6 पर

### एनटीए और सीबीआई से 10 जुलाई तक मांगी जानकारी



### 67 को मिले थे 720 अंक

नीट-यूजी 2024 में कुल 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए, जो एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व है। इस सूची में हरियाणा के एक केंद्र के छह छात्र शामिल हैं।




कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- यदि परीक्षा की पवित्रता खत्म हो जाती है, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा
- यदि दागी और बेदाग को अलग करना संभव नहीं है, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा
- यदि लीक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हुआ है, तो यह जंगल में आग की तरह फैल सकता है और बड़े पैमाने पर लीक हो सकता है
- पूरी प्रक्रिया में रेड फ्लैग की जांच के लिए एक समिति गठित किया जाना चाहिए
- यह प्रतिकूल मुकदमा नहीं है, क्योंकि हम जो भी निर्णय लेंगे, वह छात्रों के जीवन को प्रभावित करेगा
- 67 उम्मीदवारों ने 720/720 अंक प्राप्त किए थे, अनुपात बहुत कम था

### विशेषज्ञों की टीम बनाने का दिया सुझाव

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। यदि नीट-यूजी 2024 की शुचिता 'नष्ट' हो गई है और लीक प्रश्नपत्र को प्रसारित किया गया है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा।

# नायब तहसीलदार से दफ्तर में मारपीट, हिरासत में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के झलप स्थित राजस्व कार्यालय में सोमवार को नायब तहसीलदार से मारपीट का मामला सामने आया है। सूचना पर पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के झलप में स्थित उप तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार युवराज साहू के कुलप्रीत सिंह नामक के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई। बातचीत के शेष पेज 6पर

### झलप उप तहसील कार्यालय का मामला





### कार्यालय में मचा हड़कंप

सूत्रों के अनुसार किसी प्रकरण को लेकर अधिकारी और कुलप्रीत सिंह के बीच विवाद हो गया। इसके बाद कुलप्रीत सिंह हिंसा में उतर आया। आरोपी की बेजा हरकत से कार्यालय में हड़कंप मच गया। अधिकारियों की शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

प्रदेश कार्यसमिति कल

# खट्टर, शिवप्रकाश आज आएंगे कल भाजपा की बड़ी कार्यसमिति





- आज पहुंचेंगे मंडल और पंचायत अध्यक्ष, होटलों में ठहरने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में 10 जुलाई को होने वाली भाजपा की बड़ी कार्यसमिति में शामिल होने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर मंगलवार रात 10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसी के साथ राष्ट्रीय सह संगठन शेष पेज 6 पर

### सबकी लेंगे राय

10 जुलाई को राजधानी में होने वाली प्रदेश की कार्यसमिति में नगरीय निकायों से लेकर पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को इसलिए बुलाया गया है, ताकि एक बार उनकी राय भी ली जा सके। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी और सभी को अभी से जुटने के लिए कहा जाएगा। शेष पेज 6 पर

डीयू बना रहा ऐसे 6 कोर्स ऑफर करने का प्लान

# छात्र वैदिक साहित्य-भगवद् गीता की करेंगे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय का हिंदू अध्ययन केंद्र अपने विद्यार्थियों को वैकल्पिक विषयों के रूप में वैदिक साहित्य का परिचय, उपनिषद परिचय, 'धर्म और रिलिजन' जैसे विकल्प देने की योजना बना रहा है। अपने पाठ्यक्रम का विस्तार करने और छात्रों को विकल्पों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने हिंदू अध्ययन में विशेषज्ञता हासिल करने के इच्छुक छात्रों के लिए छह नए वैकल्पिक विषय शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

### बैठक में होगा फैसला

डीयू अकादमिक परिषद की बैठक 12 जुलाई को होनी है। यूजीसी द्वारा एप्रूव्ड कोर्सेस के अलावा यूनिवर्सिटी अब हिंदू धर्म के विभिन्न पहलुओं पर स्टूडेंट्स के लिए ज्यादा ऑप्शन ऑफर करने पर विचार कर रही है। ये एडीशन सेंटर ऑफ हिंदू स्टडीज की गवर्निंग बॉडी की सिफारिशों के आधार पर प्रस्तावित हैं।




**प्रस्तावित ऐच्छिक विषय :** प्रस्तावित ऐच्छिक विषयों के शिक्षण उद्देश्य में कहा गया है, हिंदू विचारकों पर आधारित शोध पत्र का उद्देश्य छात्रों को प्राचीन और आधुनिक समय के प्रतिष्ठित हिंदू विचारकों के प्रमुख विचारों से परिचित कराना है। इसके अलावा, धर्म और रिलिजन विषय पश्चिमी धार्मिक परंपराओं से तुलना करते हुए हिंदू अध्यात्म और धर्म की आधारभूत अवधारणाओं का परिचय देते हुए उनका विकास करेगा।

क्या होगा फायदा

- वैदिक साहित्य के परिचय के तहत छात्र ऋग्वेद से लेकर वेदांगों तक प्रमुख वैदिक और उपनिषदिक टिप्पणीकारों के साहित्यिक कार्यों के बारे में जानेंगे
- उपनिषद परिचय पर वैकल्पिक पेपर उपनिषदों में विश्लेषण के अनुसार मूलभूत हिंदुत्व का परिचय देगा।
- भगवद गीता छात्रों को इस ग्रंथ में दर्शाए गए मूलभूत भारतीय आध्यात्मिकता से परिचित कराएगा
- पुराण परिचय पेपर हिंदू इतिहास, संस्कृति, भूगोल, वास्तुकला और अन्य ज्ञान प्रणालियों को कवर करेगा

# भारत के स्पेस स्टेशन में रह पाएंगे अधिकतम 6 एस्ट्रोनॉट्स

*भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का लेटेस्ट डिजाइन अब सबके सामने आ चुका है। भारत का यह स्पेस स्टेशन कुल मिलाकर 52 टन के करीब होगा। यह 27 मीटर लंबा यानी 88.58 फीट और 20 मीटर चौड़ा यानी 65.61 फीट का होगा।*


**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत के स्पेस स्टेशन में आमतौर पर 3 से 4 एस्ट्रोनॉट्स रहेंगे लेकिन जरूरत पड़ने पर यह अधिकतम 6 एस्ट्रोनॉट्स को रख पाएगा। पहले इसका वजन 25 टन था. इसमें सिर्फ 3 एस्ट्रोनॉट्स रह सकते थे, वो भी सिर्फ 15 से 20 दिन के लिए। लेकिन नए डिजाइन में स्पेस स्टेशन को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से भी बेहतर बनाया जा रहा है। इसरो की प्लानिंग है कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन 2035 से ऑपरेशनल हो जाए। इस स्पेस स्टेशन में नए प्रकार का यूनिवर्सल डॉकिंग और बर्थिंग सिस्टम लगाया जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के स्पेसक्राफ्ट इसके साथ जुड़ सकें. रोल आउट सोलर ऐरे (रोसा) होगा। जो जरूरत पड़ने पर फोल्ड किया जा सके, ताकि इसे अंतरिक्ष के कचरे से टकराने से बचाया जा सके।

## भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का नया डिजाइन आया सामने

### 400-450 किमी की ऊंचाई पर लगाएगा चक्कर

स्टेशन पर प्रोपेलेंट रीफ्यूलिंग और सर्विसिंग की व्यवस्था होगी। नए तरह के एवियोनिक्स और कम्यूनिकेशन सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही इनर्शियल कंट्रोल सिस्टम होगा। यह स्पेस स्टेशन धरती से ऊपर 400 से 450 किलोमीटर के ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा। ऊंचाई में इतना गैप इसलिए रखा गया है ताकि स्पेस में आने वाले पत्थरों, कचरों और उल्कापिंडों से टकराने की नौबत में इसे ऊपर नीचे किया जा सके।




### अमेरिकी स्पेस स्टेशन जाएंगे भारतीय एस्ट्रोनॉट

पिछले साल ही अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा प्रमुख बिल नेल्सन भारत दौरे पर आए थे। उस दौरान उन्होंने भी कहा था कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में अमेरिका और नासा दोनों मदद करने को तैयार हैं। बिल नेल्सन ने कहा कि अमेरिका और भारत मिलकर यह योजना बना रहे हैं कि 1-2 साल में भारतीय एस्ट्रोनॉट को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा जाए।

**भारत तय करेगा अपने एस्ट्रोनॉट्स :** बिल नेल्सन ने कहा कि कौन सा भारतीय एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएगा, यह तय करना भारतीय स्पेस एजेंसी यानी इसरो का काम होगा। उसमें हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बिल नेल्सन ने इसके लिए जितेंद्र सिंह को कहा कि आप इस प्रोग्राम को आगे बढ़ाइए, ताकि भारतीय एस्ट्रोनॉट को अमेरिकी रॉकेट में स्पेस स्टेशन भेज सकें।

### भारतीय स्पेस स्टेशन में मदद करेगा नासा

बिल नेल्सन ने कहा कि भारत के पास 2040 तक अपना स्पेस स्टेशन होगा। लेकिन संभावना है कि यह काम इससे काफी पहले पूरा हो जाए। यह एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन होगा। अगर भारत चाहेगा तो अमेरिका और नासा उनकी मदद के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन यह फैसला भारत को लेना होगा। इसरो का साल 2035 तक भारतीय स्पेस स्टेशन बनाने और 2040 तक चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट को पहुंचाने का लक्ष्य है। इसरो इस समय अमेरिका की प्रमुख स्पेस कंपनियां जैसे- बोईंग, ब्लू ओरिजिन और वॉयजर से भी बातचीत कर रही है। ताकि खास तरह की जरूरतों को इनकी मदद से पूरा किया जा सके। साथ ही भारतीय प्राइवेट स्पेस कंपनियों या एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर सकें।

## खबर संक्षेप

### गरीबों से उनका हक छीन रही हरियाणा सरकार : सैलजा

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया है कि भाजपा की हरियाणा सरकार गरीबों से उनका हक छीनने की हर संभव कोशिश में जुटी है। इसलिए एक ही झटके में करीब 1300 डिपो संचालकों के लाइसेंस को रद्द कर दिया। ऐसा होने से राशन कार्ड धारकों के सामने तेल-अनाज का इंतजाम करना चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा है कि एक साथ इतने लाइसेंस रद्द होने से लाखों गरीबों के सामने राशन को लेकर संकट खड़ा होने लगा है। इनके लाइसेंस तुरंत बहाल करने के साथ ही सभी 9300 डिपो धारकों का फरवरी से बकाया चल रहा गेहूं वितरण कमीशन भी जारी किया जाए। कुमारी सैलजा ने एक बयान में सोमवार को कहा कि प्रदेश में सस्ते राशन की दुकान के तौर पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 9300 लोगों का डिपो होल्डर के लाइसेंस दिए हुए हैं। लेकिन, तुगलकी फरमान जारी करते हुए प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी कर 60 साल से अधिक उम्र वाले डिपो होल्डर के लाइसेंस खत्म कर दिए।



### बीएमडब्ल्यू केस : शिवसेना नेता को मिली जमानत

**मुंबई।** मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी राजेश शाह को जमानत मिल गई है। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए स्थानीय सेवरी कोर्ट ने शिवसेना (शिंदे गुट) नेता की बेल मंजूर कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने 15,000 रुपये की अनंतिम नकद राशि जमा करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि राजेश शाह आरोपी मिहिर शाह के पिता हैं। 24 साल के मिहिर ने रविवार तड़के बीएमडब्ल्यू कार से एक महिला को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की शिकार 45 वर्षीय कावेरी नाखवा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया और उसके घायल पति प्रदीप का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके के रहने वाले मछुआरा दंपति ससून डॉक से मछली खरीदकर लौट रहे थे। इसी दौरान रविवार को तड़के करीब साढ़े 5 बजे अटरिया मॉल के पास बीएमडब्ल्यू कार ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना के समय कार में मिहिर के साथ ड्राइवर राजऋषि बिदावत मौजूद था। मगर, अब तक मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी को मिहिर ही चला रहा था जो कि राजेश शाह के नाम से रजिस्टर्ड है। इस पर ऐक्शन लेते हुए पुलिस ने राजेश शाह और बिदावत को गिरफ्तार कर लिया गया था।



### 'उद्धव से टूट चुका है गठबंधन : अंबेडकर

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के लिए राजनीतिक तौर पर कुछ भी बेहतर होता नहीं दिखाई दे रहा है। वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने 7 जुलाई को कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ उनका गठबंधन टूट गया है। इससे पहले प्रकाश अंबेडकर ने इंडिया गठबंधन से भी अपना नाता तोड़ लिया था। जिसकी वजह सीट शेयरिंग का नहीं हो पाना था। प्रकाश अंबेडकर से जब गठबंधन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "यह (गठबंधन) टूट चुका है। इसमें कुछ भी नहीं बचा है।"डॉ. बी.आर. अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर ने अकोला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन वह भाजपा के अनूप धोत्रे से हार गए थे।



## सैटेलाइट तस्वीरों ने खोले राज

### झील के आसपास के इलाके में खुदाई कर रहा है ड्रैगन

# लद्दाख में पैंगोंग झील से सटे इलाके में चीन बना रहा बंकर

*पड़ोसी मुल्क चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन दिन पर दिन पूर्वी लद्दाख में अपनी पैठ को मजबूत करने में लगा हुआ है। चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से खुदाई भी कर रही है। एक नई सैटेलाइट तस्वीर ने चीन की गुस्ताखी से पर्दा उठा दिया है।*

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन पैंगोंग त्सो में 2020 के संघर्ष बिंदु से सिर्फ 17 किलोमीटर दूर बैरकों और दोहरे उपयोग वाले सैन्य गांवों के आसपास अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। ड्रैगन जिस इलाके में अपनी स्थिति को मजबूत करने में लगा हुआ है उसी इलाके में चीनी सेना यानी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) एक मिलिट्री बेस भी हैं। दावा किया जाता है कि मिलिट्री बेस में चीन की सेना अंडरग्राउंड बंकर बना रखी है। इन बंकर का इस्तेमाल हथियार रखने, ईंधन और बख्तरबंद वाहनों के लिए समय आने पर शेल्टर्स को स्टोर किया जा सके। ये भी सच है कि यह पहला मौका नहीं है जब पैंगोंग झील के पास चीन की गतिविधि बढ़ी है।




### 2020 से बरकार है तनाव

एलएसी पर चीन और भारत के बीच तनाव 2020 से ही बरकरार है। पैंगोंग झील के एक तरफ भारत की फौज है तो दूसरी तरफ चीन की पीएलए आर्मी तैनात है। गतिरोध को खत्म करने के लिए सैन्य स्तर पर कई दफे की बातचीत भी हो चुकी है, लेकिन दोनों देशों के बीच बात अभी तक बन नहीं पाई है।

### मिलिट्री बेस पर अंडरग्राउंड बंकर भी मौजूद

सैटेलाइट की तस्वीरों से पता चला है कि सिरजाप मिलिट्री बेस पर अंडरग्राउंड बंकर मौजूद हैं। इनका इस्तेमाल हथियार, ईंधन और अन्य सप्लाई को रखने के लिए हो रहा है। सिरजाप बेस को 2021-22 में बनाया गया था। पिछले कुछ सालों से चीन ने लगातार सीमा पर खुद को मजबूत करने का काम किया है। उसने एलएसी के दूसरी ओर सड़कें भी बनाई हैं। 30 मई को खींची गई एक तस्वीर में एक बड़े अंडरग्राउंड बंकर के आठ एंट्री गेट साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। बंकर के करीब ही एक छोटा सा बंकर भी नजर आ रहा है। एंट्री के लिए कुछ पांच गेट दिखाई दे रहे हैं। हेडक्वार्टर के लिए कई बड़ी इमारतों के अलावा मिलिट्री बेस में कठोर शेल्टर्स या कहें कवर पार्किंग भी मौजूद है। इन शेल्टर्स की जरूरत सेना के वाहनों को एयर स्ट्राइक से बचाने के लिए किया जाता है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सरकार पर बोला हमला

सैटेलाइट तस्वीर पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चीन एलएसी पर बॉर्डर की जो स्थिति है, उस पर देश को विश्वास में लिया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जो क्षेत्र मई 2020 तक भारत के कब्जे में था, वहां चीन अपने सैन्य अड्डे कैसे स्थापित कर सकता है? खड़गे ने कहा कि चीन पैंगोंग त्सो के पास उस जमीन पर सैन्य अड्डा कैसे बना सकता है, जो मई 2020 तक भारत के कब्जे में था? वो भी तब जब हम गलवान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'क्लीन चिट' के पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, जहां (गलवान) हमारे बहादुर सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, चीन हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करना जारी रख रहा है।



# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने जारी किया बीफ के ट्रांसपोर्ट का पास, मचा बवाल

### महुआ मोइत्रा ने वीडियो शेयर कर बोला हमला



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर से टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अपने लेटर हेड पर बीफ के साथ स्मगलर्स को बांग्लादेश बार्डर पार कराने का लेटर जारी कर रहे हैं। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर लेटर हेड की फोटो भी शेयर की है। टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने लिखा कि केंद्रीय मंत्री अपने ऑफिशियल लेटरहेड पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की 85वीं बटालियन को पास जारी करने के लिए लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पास इंडो बांग्ला बार्डर पर स्मगलर्स के लिए है। इसमें तीन किलो बीफ ले जाने की अनुमति है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि लेटरहेड में जिस शख्स को इजाजत देने की बात कही जा रही है उसका नाम जैरूल गाजी है। एड्रेस वाली जगह पर हकीमपुर का नाम लिखा हुआ है। उस शख्स का आधार नंबर भी लिखा गया है। मोइत्रा ने कहा कि उस पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के साइन और मुहर भी है।

### ठाकुर की सफाई

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि इलाके में 85 बटालियन तृणमूल कांग्रेस के साथ में मिली हुई है। ऐसे में भेदभाव किया जा रहा है और टीएमसी से जुड़े लोगों को राजनीतिक छाया मिल रही है। इस इलाके में बैलेंस बनाए रखने के लिए मैंने यह पास जारी किए हैं।

### रूस ने राजधानी कीव को बनाया निशाना, कई लाशें मलबे में दबीं

# यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर मिसाइल अटैक, 24 की मौत

**एजेंसी ▸▸ कीव**



रूस और यूक्रेन के बीच जंग को दो साल से अधिक का वक्त हो गया है लेकिन, नतीजा अभी तक नहीं निकल पाया। रूसी सेना लगातार यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रही है। सोमवार को रूसी सेना का कहर यूक्रेन की राजधानी कीव के कई इलाकों पर बरपा। दर्जनों मिसाइल हमलों में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना ने कीव में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला बोला। इससे अस्पताल मलबे में तब्दील हो गया है। कई लाशें अभी भी मलबे में दबी हैं। जिन्हें निकालने के लिए राहत-बचाव कार्य जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मलबे में जिंदगी की तलाश की जा रही है।

यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के एक अस्पताल ओखमाटडिट चिल्ड्रेन हॉस्पिटल पर रूस ने सोमवार को हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला किया और अन्य स्थानों पर भी जमकर बमबारी की। दिन के समय हुई बमबारी के बाद जीवित बचे लोगों की तलाश में दर्जनों स्वयंसेवक, डॉक्टर और बचावकर्मी ओखमाडाइट बाल चिकित्सा अस्पताल के एक हिस्से के मलबे की खुदाई कर रहे हैं। रूसी सेना ने मध्य यूक्रेन के एक अन्य शहर कीर्वी रीह पर भी हवाई हमला किया। इस हमले में कम के कम 10 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना का यह हमला कई महीनों में कीव पर सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। यूक्रेनी वायु सेना ने एक बयान में कहा कि दिन के उजाले में किए गए हमलों में किंजल हाइपरसोनिक प्रक्षेपास्त्र शामिल थे, जो सबसे उन्नत रूसी हथियारों में से एक है। किंजल ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक रफ्तार से उड़ता है, जिससे इसे रोकना लगभग नामुमकिन होता है। विस्फोटों से शहर की इमारतें हिल गईं।

### पांच शहरों में 40 से अधिक मिसाइलों से हमला

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों से पांच शहरों को निशाना बनाया।
अधिकारियों ने कहा कि रूस ने सोमवार को यूक्रेन भर के शहरों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम 24 लोग मारे गए। शुरुआती हमलों के कुछ घंटों बाद यूक्रेनी शहरों में सायरन की आवाज सुनाई दे रही थी, जिससे लोगों को अपनी जान बचाने के लिए शेल्टरों का आश्रय लेना पड़ा। बता दें कि रूस का यह हमला तब हुआ है जब ज़ेलेंस्की ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में जाने से पहले वारसॉ का दौरा किया। जहां उन्हें सहयोगियों से अधिक सैन्य समर्थन की अपील करने की उम्मीद थी। उधर, नाटो ने भी यूक्रेन की मदद के लिए अपनी सेना उतारने की बात कही है। जिससे रूस बौखलाया हुआ है।

### ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका

# जारी रहेगी संदेशखाली की सीबीआई जांच

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

संदेशखाली में मामले की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को तगड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया और पूछा कि राज्य सरकार को इस मामले में दिलचस्पी क्यों है? आखिरकार राज्य सरकार किसी को बचाना क्यों चहती है? इससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हित की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख कैसे कर सकती है? संदेशखाली में जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के मामले में सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। राशन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम जब शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने पहुंची थी, तो वहां हजारों की भीड़ ने ईडी टीम पर हमला कर दिया था। घटना के करीब 55 दिन बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। शाहजहां शेख पर हत्या, महिलाओं से यौन उत्पीड़न, जमीन हड़पने, ईडी टीम पर हमले कराने जैसे कई गंभीर आरोप हैं।



अप्रैल में छापेमारी- अप्रैल के महीने में सीबीआई ने संदेशखाली में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी। संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख के करीबी माने जाने वाले अबु तालेब के दो ठिकानों पर सीबीआई ने रेड की. इस दौरान सीबीआई ने भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया। सीबीआई ने शाहजहां शेख के भाई शेख आलमगीर से भी पूछताछ की थी।

### आरोपी की निजी जिंदगी में ताकझांक की इजाजत नहीं

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जमानत की ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती जो पुलिस को किसी आपराधिक मामले के आरोपी की निजी जिंदगी में ताकझांक की इजाजत दे। सुको ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जमानत के एक मामले में लगाई गई शर्त को खारिज कर दिया जिसमें नाइजीरियाई नागरिक को अपने मोबाइल फोन की 'गूगल मैप्स' पिन जांच अधिकारी के साथ साझा करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति ओका ने फैसला सुनाते हुए कहा, "ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती जो जमानत के उद्देश्य को ही समाप्त कर दे। हमने कहा है कि गूगल की पिन देना जमानत की शर्त नहीं हो सकती। जमानत की ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती कि पुलिस को आरोपी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की अनुमति दे। पुलिस को जमानत पर किसी आरोपी की निजी जिंदगी में ताकझांक की अनुमति नहीं दी जा सकती।" अदालत ने मादक पदार्थों के एक मामले में जमानत की शर्त को चुनौती देने वाली नाइजीरियाई नागरिक फ्रेंक वाइटस की अर्जी पर फैसला सुनाया।

### ईरान की नौसेना का विध्वंसक जहाज डूबा

**तेहरान।** ईरानी नौसेना का एक जहाज मरम्मत किए जाने के दौरान होर्मुज की खाड़ी के पास एक बंदरगाह में डूब गया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएएन' की खबर के अनुसार, मरम्मत के दौरान विध्वंसक पोत 'सहंद' के टैंकों में पानी घुस गया जिसके कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह डूब गया। एजेंसी ने बताया कि जिस जगह जहाज डूबा है, वहां पानी की गहराई कम है अतः संभावना है कि जहाज संतुलन हासिल कर ले। इसमें यह भी बताया गया कि इस घटना में कुछ लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन घायलों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। 'सिंहद' जहाज का नाम उत्तरी ईरान के एक पर्वत के नाम पर रखा गया है और इस जहाज को बनाने में छह वर्ष लगे। इसे दिसंबर 2018 में फारस की खाड़ी में भेजा किया गया।


### वामपंथी गठबंधन ने धुर-दक्षिणपंथी दलों से ज्यादा सीटें जीतीं

# फ्रांस में त्रिशंकु संसद के आसार किसी दल को नहीं मिला बहुमत

**एजेंसी ▸▸ पेरिस**

फ्रांस में हुए संसदीय चुनाव में वामपंथी गठबंधन ने रविवार को धुर-दक्षिणपंथी दलों को शिकस्त देते हुए सबसे ज्यादा सीटें जीतीं। हालांकि, वह बहुमत हासिल करने में नाकाम रहा, जिससे देश में राजनीतिक संकट गहराने के साथ ही त्रिशंकु संसद की आशंका बढ़ गई है। फ्रांस में राजनीतिक उथल-पुथल से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है और यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति तथा यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था, लेकिन यूरोपीय संघ में नौ जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा दांव खेला था। उन्होंने कहा था कि एक बार फिर मतदाताओं के बीच जाने से स्थिति 'स्पष्ट' होगी। हालांकि, उनका यह दांव लगभग हर पड़ाव पर उल्टा पड़ता दिखा है।




### दूसरे स्थान पर रहा मैक्रों का दल

*सोमवार को जारी आधिकारिक नतीजों के मुताबिक, संसदीय चुनाव में तीनों प्रमुख गठबंधन में से कोई भी 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों का जादुई आंकड़ा नहीं हासिल कर सका। नतीजों के अनुसार, वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' 180 से अधिक सीटों पर जीत के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि मैक्रों नीत मध्यमार्गी गठबंधन के खाते में 160 से ज्यादा सीटें गईं और वह दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, मरीन ले पेन के नेतृत्व वाली धुर-दक्षिणपंथी पार्टी 'नेशनल रैली' और उसके सहयोगी दलों को 140 से अधिक सीटों पर जीत के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। हालांकि, 'नेशनल रैली' का यह प्रदर्शन 2022 के उसके प्रदर्शन से कहीं बेहतर है, जब पार्टी को 89 सीटें हासिल हुई थीं। आधुनिक फ्रांस को अभी तक त्रिशंकु संसद का सामना नहीं करना पड़ा है।*

# तपती धूप, न खाना, न पानी

### यह बाबा भगवान हनुमान की गोद में बैठकर करते हैं अनोखी तपस्या!



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

अरे गजब! धूप में चलना लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। गर्मी की वजह से लोग घर से बाहर निकलने से पहले 2 बार सोचते हैं। पर, यूपी के गाजियाबाद में तो कुछ अलग ही हो रहा है। बाबा मछेंद्र पुरी तपती धूप में घंटों बैठकर तपस्या करते हैं। जब महाराज तपस्या पर बैठते है, तो उस वक्त भक्तों की भारी भीड़ भी साधना स्थल के चारों तरफ परिक्रमा करती है।

**तपती धूप में तपस्या करता है यह बाबा :** मछेंद्र पुरी महाराज से जब बात की गई तो उन्होंने बताया, 'आजकल के साधु-संत एसी, गाड़ी और सुख-सुविधाओं के आदी हो गए हैं। बल्कि, अगर आपने भगवा चोला धारण किया है तो इसका मतलब सुख-सुविधाओं के अभाव में रहकर जीवन को जीना है। लेकिन कुछ साधु-संत इस बात को नहीं समझते हैं।

### क्या है इसके पीछे का मकसद

बाबा मछेंद्र पुरी बताते हैं कि इस साधना का केवल एक ही विशेष मकसद होता है कि भारतवर्ष को आने वाली आपदाओं से बचाना। इसके लिए सबसे पहले आदरणीय गुरु की आज्ञा लेनी पड़ती है। उसके बाद महाराज हनुमान जी की आराधना करके तपस्या में बैठ जाते हैं। रोजाना करीब 2.5 से 3 घंटे तपती हुई धूप में वो आधे वस्त्रों में बैठे रहते हैं। इस साधना को करते हुए करीब 15 साल हो चुके हैं। जब यह साधना चल रही होती है, तब महाराज अनाज का सेवन नहीं करते है।

बिलासपुर
मंगलवार, 9 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 24, अंक : 107
पृष्ठ : 10+6+8 = 24, मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 33.2
न्यून. 26.6

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 इंग्लैंड और नीदरलैंड ने अंतिम-4 में बनाई ...

विचार पेज
2 हंगामा नहीं, विमर्श का समय

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

*तीनों अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार से प्रापर्टी खरीदने का आरोप*

# आईएएस विश्नोई का वेतन 92 लाख, पत्नी के नाम खरीदी पांच करोड़ की प्रापर्टी, सौम्या और रानू का भी यही हाल

**ईओडब्लू ने आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों के खिलाफ अब आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का दर्ज किया केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माइनिंग घोटाला मामले की जांच कर रही ईओडब्लू तथा एसीबी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के निलंबित आईएएस अफसर समीर विश्नोई, रानू साहू तथा सौम्या चौरसिया के खिलाफ एक नया एफआईआर दर्ज की है। तीनों अफसरों के खिलाफ पद में रहते हुए भ्रष्टाचार से प्राप्त आय से अपने तथा अपने परिजनों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के साथ अन्य जगहों पर रकम निवेश करने का आरोप है। जांच के बाद ईओडब्लू इन संपत्तियों को कुर्क कर सकती है। ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक समीर विश्नोई ने अपने तथा अपनी पत्नी के नाम राज्य के अलग-अलग जगहों पर पांच करोड़ 12 लाख रुपए की 13 अचल संपत्ति खरीदी है। रानू साहू ने अपने तथा अपने परिजनों के नाम पर चार करोड़ रुपए से अधिक की 24 अचल संपत्ति खरीदी है। इसी तरह सौम्या चौरसिया ने अपने तथा अपने परिजनों के नाम पर नौ करोड़ 22 लाख रुपए की 29 संपत्तियां खरीदी हैं।

### आपराधिक साजिश रचने का आरोप

जांच एजेंसी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर जो नई एफआईआर दर्ज की है, उसमें उल्लेख किया गया है कि तीनों अफसरों ने आपराधिक साजिश रचकर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। रानू साहू पर आरोप है कि उसने ▶▶| शेष पेज 6 पर







### वेतन से पांच से दस गुना ज्यादा की प्रापर्टी

जांच एजेंसी द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक तीनों अफसरों ने अपने पद में रहते हुए अपनी आय से पांच से दस गुना ज्यादा की प्रापर्टी खरीदी की है। अपने वेतन से सबसे ज्यादा प्रापर्टी खरीदने वालों में सौम्या चौरसिया का नाम पहले नंबर पर है। सौम्या ने अपने वेतन से दस गुना से ज्यादा की प्रापर्टी खरीदी की है। दूसरे नंबर पर समीर विश्नोई का नाम शामिल है, उसने ▶▶| शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### गुंडिचा मंदिर पहुंची पुरी की रथ यात्रा



**पुरी।** 53 साल बाद पुरी की रथ यात्रा दो दिनों चली। आज यात्रा का दूसरा दिन था। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे। अब रथों पर ही भगवान की पूजा आरती होगी। इसके बाद राजभोग लगेगा। 9 जुलाई को भगवान मंदिर में प्रवेश करेंगे। अगले 7 दिनों तक तीनों रथ यहीं रहेंगे।

### नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई समेत छह गिरफ्तार आरोपियों और तीन वांछित व्यक्तियों के खिलाफ सोमवार को आरोपपत्र दायर किया। यह आरोप पत्र बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर गोलीबारी के सिलसिले में दायर की गई है।

### पुलिस ने एक्स से महुआ के पोस्ट की डिटेल मांगी



**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के एक दिन बाद दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से महुआ के पोस्ट को लेकर जानकारी मांगी है। महुआ ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ एक्स पर अपमानजनक पोस्ट किया था।

### दो समूह के बीच गोलीबारी में चार की मौत



**चंडीगढ़।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में दो समूहों के बीच पुरानी रांजिश के चलते हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। घटना रविवार रात बटाला के विठवान गांव की है। दोनों समूहों में कुल 13 लोग थे। उसने बताया कि गोलीबारी में दोनों समूहों के दो-दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 65 लाख के सोने की तस्करी, चार गिरफ्तार



**सूरत।** गुजरात के सूरत में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच से बचने के लिए ट्रॉली बैग पर स्प्रे कर 65 लाख रुपए का सोना कथित रूप से तस्करी करने के लिए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी नईम सालेह (29), उमैमा सालेह (25), अब्दुल बेमत (33) और फिरोज नूर (48) सूरत जिले के मंगरोल के रहने वाले हैं।

### सड़क हादसे में दंपति और बेटे की मौत



**जयपुर।** जयपुर जिले के शाहपुरा इलाके में सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक दंपत्ति व उसके बेटे की मौत हो गई जबकि बीस लोग घायल हो गए। हादसा राजस्थान रोडवेज की बस के एक ट्रेलर से टकराने से हुआ। हादसा उस समय हुआ जब जयपुर से दिल्ली जा रही बस ट्रेलर से टकरा गई।

*मुंबई में भारी बारिश से उपनगरीय रेल, विमान सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद*

# भारी बारिश से 50 उड़ानें और पांच ट्रेनें रद्द, चारधाम यात्रा में फंसे 6000 श्रद्धालु



- छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में आज बारिश का अनुमान
- मुंबई के कुछ इलाकों में 6 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश

*भारत में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। देश के पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस बीच, सोमवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण पटरियों पर जलभराव के चलते मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और हवाईअड्डे पर भी परिचालन पर असर पड़ा जिसके कारण सोमवार को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

मुंबई में भारी बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को जलमग्न सड़कों से गुजरते देखा गया। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुंबई के कुछ इलाकों में सुबह सात बजे तक मात्र छह घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे सड़कें और निचले इलाके जलमग्न हो गए। पूरे दिन शहर में भारी बारिश हुई, जिससे निवासियों की परेशानी और बढ़ गई। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



### केदारनाथ, बद्रीनाथ हाईवे समेत 115 से ज्यादा सड़कें बंद

*उत्तराखंड में पिछले 4 दिनों से जारी तेज बारिश के चलते केदारनाथ, बद्रीनाथ हाईवे समेत 115 से ज्यादा सड़कें बंद हो गईं। कई रास्ते लैंडस्लाइड की वजह से तो कुछ बह जाने के कारण बंद हो गए। इसके बाद चार धाम यात्रा रोक दी गई। इससे जगह-जगह 6 हजार श्रद्धालु फंसे हैं। गंगा, समेत 6 नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं।*

### एयरपोर्ट पर घटी विजिबिलिटी

तेज बारिश के चलते मुंबई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी घटी। रात 2:22 बजे से सुबह 11 बजे तक की 50 फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा। इनमें से 42 फ्लाइट्स इंडिगो, 6 फ्लाइट्स एअर इंडिया और 2 फ्लाइट्स अन्य एयरलाइंस की हैं। रेलवे ने बताया कि ट्रैक पर पानी भरने के कारण मुंबई डिवीजन की 5 ट्रेन कैंसिल कर दी गईं। वहीं कुछ लोकल ट्रेन भी कई घंटों की देरी से चल रही हैं। मुंबई में बीएमसी ने सरकारी और प्राइवेट स्कूल-कॉलेजों में आज के लिए छुट्टी घोषित कर दी है।



### दिल्ली में छाए रहे बादल

दिल्ली में काले बादल छाए हुए हैं, लेकिन बारिश ना होने से लोगों को उमस वाली गर्मी ने काफी परेशान किया। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में 9 जुलाई को आसमान में घने बादल छाए रहेंगे और हल्की बरसात हो सकती है। वहीं, 12 जुलाई से दिल्ली में तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

### पुल बहा, 54 लोगों का रेस्क्यू

ठाणे जिले में एक पुल बह गया, जबकि 54 लोगों को उनके घरों में पानी भर जाने के बाद बचाया गया। ठाणे जिला प्रशासन ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विभिन्न इलाकों में कम से कम 275 घरों को नुकसान पहुंचा है और करीब 20 वाहन बह गए। उन्होंने बताया कि पुलिस और जिले के अन्य अधिकारियों ने भारी बारिश के बाद रायगढ़ पहाड़ी किले में फंसे कई पर्यटकों को निकाला।

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में अलर्ट

आईएमडी के मुताबिक 9 जुलाई को विदर्भ और छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। 10 और 11 जुलाई को हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में भारी वर्षा होने की संभावना है। 10 और 11 जुलाई को उत्तराखंड, 11 जुलाई को हरियाणा-चंडीगढ़, 09 जुलाई को उत्तर प्रदेश, 8-11 जुलाई के दौरान मध्य प्रदेश और 10-11 जुलाई को उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

**पुतिन ने किया पीएम मोदी का स्वागत**

# परम मित्र मोदी, आपको देखकर बहुत खुशी हुई



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा के दोरान मॉस्को पहुंचे। मॉस्को पहुंचने पर भारतीय प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब पांच साल में पहली बार रूस पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपना 'परम मित्र' बताया है। पुतिन ने पीएम से अपने हॉलिडे होम में मुलाकात की है। पुतिन यहां पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी का इंतजार कर रहे थे, जब पीएम पहुंचे तो पुतिन ने बाहें फैलाकर उनका स्वागत किया और दोनों नेता फिर गले भी मिले। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण भेजा था, जहां दोनों नेता मंगलवार को भारत-रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में बैठक करेंगे।

### पीएम मोदी ने पुतिन का जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने भी पुतिन के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया साइट एक्स पर शेयर की। उन्होंने लिखा, आज शाम नोवो-ओगारियोवो में मेरी मेजबानी करने के लिए राष्ट्रपति पुतिन का आभार। कल की हमारी वार्ता का भी बेसब्री से इंतजार है, जो निश्चित रूप से भारत और रूस के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने में काफी मददगार साबित होगी।

### आज होगी व्यापक वार्ता

*रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। शीर्ष रूसी अधिकारियों ने बताया कि यह वार्ता दोनों नेताओं के बीच होने के अलावा प्रतिनिमंडलों के साथ भी होगी। 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव को उद्धृत करते हुए कहा, दोपहर में, पुतिन और मोदी बातचीत शुरू करेंगे।*

**जनहित याचिका दायर**

# असम से लाकर आजीवन बंधक बनाए गए वन भैंसे



- हाईकोर्ट ने वन विभाग और सरकार को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वन भैंसों के संरक्षण योजनाओं की विफलता और जंगली भैंसों की आबादी में गिरावट के चलते छत्तीसगढ़ वन विभाग असम से एक नर और एक मादा वन भैंसा वर्ष 2020 में और चार मादा वन भैंसा अप्रैल 2023 में लाया। इन्हें बारनवापारा अभ्यारण में आजीवन कैद कर के रखने को लेकर और इनके ब्रीडिंग प्लान को केन्द्रीय जू अथॉरिटी द्वारा ना मंजूर करने को लेकर दायर जन हित याचिका की सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र अग्रवाल की युगल बेंच ने नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिका में असम से लाए गए वन भैंसों को वापस असम भेजने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### केन्द्रीय जू अथॉरिटी ने नहीं दी अनुमति

केन्द्रीय जू अथॉरिटी जू अथॉरिटी ने असम से वन भैंसा लाने के बाद बारनवापारा में बनाए गए ब्रीडिंग सेंटर को सैद्धांतिक अनुमति दी थी परंतु अंतिम अनुमति नहीं दी है। याचिका में इस सैद्धांतिक अनुमति को भी चुनौती दी गई है क्योंकि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत किसी भी अभ्यारण में ब्रीडिंग सेंटर नहीं खोला जा सकता। भारत सरकार ने भी एडवाइजरी जारी कर रखी है कि किसी भी अभ्यारण, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इसलिए छत्तीसगढ़ लाया गया था वन भैंसा

*कोर्ट को बताया गया कि असम से इन जंगली भैंसों को छत्तीसगढ़ के जंगली वन भैंसा से क्रॉस करा कर आबादी बढ़ाने के लिए लाया गया था। छत्तीसगढ़ में केवल एक शुद्ध नस्ल का नर 'छोटू' है, जिसकी आयु वर्तमान में 22-23 वर्ष है (जंगली भैंसों की औसत आयु 25 वर्ष है) और इतनी अधिक आयु होने के कारण उसे प्रजनन के लिए अयोग्य माना जाता है।*

**झारखंड में 45 विधायकों का समर्थन**

# सोरेन ने जीता विश्वास मत, चंपई समेत 11 मंत्री

एजेंसी ▶▶| रांची



झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

### नए मंत्रियों ने ली शपथ

विश्वास मत के बाद, झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेताओं तथा सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में राजभवन में आयोजित एक समारोह में चंपई सोरेन सहित 11 नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

# राज्यभर के 5000 पटवारियों का 'बस्ता बंद'

**रायपुर जिला के पटवारी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर जुटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- 32 सूत्रीय मांग, जिलेवार हड़ताल

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 5000 पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। भुइंया पोर्टल में आ रही दिक्कत, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेशभर में पटवारी अलग-अलग जिलों में धरने पर बैठे। इसी कड़ी में राजस्व पटवारी संघ जिला रायपुर के पटवारियों ने सोमवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदेशभर के पटवारी अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर चले गये। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेशस्तरीय आंदोलन जिलों में रहकर कर रहे हैं। लामबंद पटवारियों का कहना है डिजिटल हस्ताक्षर 100 फीसदी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्रमुख मांगें इस तरह

- ऑनलाइन काम करने कंप्यूटर, इंटरनेट, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर की सुविधा उपलब्ध कराई जाये।
- जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की मांग।
- नक्शा बटांकन करने स्पष्ट आदेश प्रसारित करने की मांग।
- वर्ष 2021 के पश्चात बी 1 खसरा प्रदान नही किया गया है, जबकि शासन द्वारा बार-बार बी 1 वाचन के लिए आदेशित किया जाता है। इसलिए अविलंब बी1 खसरा पांचसाला प्रदान करवाया जाये।

▶▶| शेष पेज 6 पर

**कोर्ट ने कहा- हमारे निर्णय से महिलाओं के अवसर हो सकते हैं कम**

# मासिक धर्म अवकाश पर मॉडल नीति तैयार करे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करे। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा नीति से संबंधित है और अदालतों के विचार करने के लिए नहीं है। महिलाओं को ऐसी छुट्टी देने के संबंध में अदालत का निर्णय प्रतिकूल और 'हानिकारक' साबित हो सकता है, क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से परहेज कर सकते हैं।

### महिलाओं पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव

अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि अवकाश अधिक महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए कैसे प्रोत्साहित करेगी। साथ ही पीठ ने कहा कि इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने से महिलाओं को कार्यबल से दूर किया जा सकेगा। हम ऐसा नहीं चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है। इस पर अदालतों को गौर करने की जरूरत नहीं है।'



### राज्य उठा सकते हैं कदम

*शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर राज्य इस संबंध में कोई कदम उठाते हैं, तो केंद्र की परामर्श प्रक्रिया उनके रास्ते में नहीं आएगी। न्यायालय ने इससे पहले देशभर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश देने का अनुरोध करने वाली याचिका का निपटारा कर दिया था।*

### याचिकर्ता को सचिव के पास जाने की इजाजत

*हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ता और वकील शैलेंद्र त्रिपाठी की तरफ से पेश वकील राकेश खन्ना को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव तथा अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के पास जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने निर्देश दिया, हम सचिव से अनुरोध करते हैं कि वह इस मामले पर नीतिगत स्तर पर विचार करें और सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद निर्णय लें तथा देखें कि क्या एक मॉडल नीति बनाई जा सकती है।*

**राहुल बोले**

# मणिपुर में जो हो रहा है भारत में कहीं नहीं देखा



- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने हिंसा प्रभावितों से की मुलाकात

**इंफाल।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में एक राहत शिविर का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोग इन राहत शिविरों में रह रहे हैं। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि, हजारों परिवारों को नुकसान पहुंचा है, लोग मारे गए हैं। मणिपुर में जो हो रहा है, वैसा मैंने भारत में कहीं नहीं देखा। राज्य दो भागों में विभाजित है।

08- JULY- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 7/8/2024 9:50 PM Page 1



## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ अब निर्णायक एक्शन का वक्त

जम्मू-कश्मीर में स्थिति गंभीर होती जा रही है। आतंकियों ने अब कठुआ में सेना के वाहन पर हमला किया, चार जवान शहीद हुए। दो महीने में सेना के वाहन पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 4 मई का पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था। वहीं दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है। गत रविवार की सुबह आतंकियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में एक आर्मी कैंप पर हमला किया था। आतंकियों ने सेना पर यह हमला तब किया जब पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम कठुआ जिले के मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी। इस साल जनवरी से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हो चुके हैं। अभी जब केंद्र में मोदी सरकार की तीसरी बार वापसी हुई है, तब से आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। दहशतगर्दों ने इस साल 12 जनवरी को पुंछ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला किया था। इससे पहले 21 दिसंबर को सुनारकोट में सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। 6 व 7 जुलाई को कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हुई। इसमें 2 जवान शहीद हुए, 6 आतंकी मारे गए। जून में 7 आतंकी घटना हुई है, जिसमें 9 आतंकी मारे गए। 9 जून से 12 जून के बीच 3 आतंकी हमले हुए। कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले में पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों का हाथ बताया जाता है। ये ऐसे आतंकी गुट हैं, जिनके तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। जम्मू-कश्मीर में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल से ही आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चल रहा है, एक समय लगा कि घाटी से आतंकवाद का करीब - करीब सफाया हो गया है, आतंकियों की औसत उम्र छह माह से भी कम हो गई थी। पत्थरबाजी पर अंकुश लगा, लेकिन इधर छह महीनों में आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। पाक प्रायोजित आतंकी गुटों ने कश्मीर को फिर से अशांत करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान बेशक आर्थिक रूप से जर्जर हो, लेकिन पाक फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम अनवरत जारी रखी हुई हैं। पाक एस्टाब्लिशमेंट की भारत व पाक नियंत्रण रेखा एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर आतंकियों की भारत में घुसपैठ कराने की हमेशा कोशिश रहती है, कश्मीर में होने वाले अधिकांश आतंकी हमले में पाक घुसपैठिए आतंकवादी शामिल रहते हैं। यह साफ है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अभी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत ने आतंकवाद का मुद्दा मुखरता से उठाया था और एससीओ को अपना स्टैंड साफ करने के लिए कहा था। चीन के आधिपत्य वाले एससीओ में भारत व पाकिस्तान भी सदस्य हैं, ऐसे में पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ आतंकवाद बंद का दबाव आवश्यक है। हालांकि चीन का पाक के आतंकवाद पर ढुलमुल रवैया रहा है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ एक्शन को और कठोर बनाना होगा, कश्मीर में दहशतगर्दों के सफाये के साथ पाक में बैठे भारत विरोधी आतंकी गुटों के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई करनी होगी। पाकिस्तान पर आतंकवाद के खात्मे का दबाव बढ़ाना होगा। दूसरी बार देश के गृहमंत्री बनने के बाद अमित शाह ने कहा है कि राजग सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एक्शन लेगी, तो अब वह समय आ गया है।



## नई लोकसभा

कैप्टन अभिमन्यु

संसद के विशेष सत्र में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर नई लोकसभा में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।

# हंगामा नहीं, विमर्श का समय

अठारवीं लोकसभा का आगाज 24 जून को विशेष सत्र से हो चुका है। हमेशा की तरह पहले सदस्यों ने शपथ ली, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संयुक्त सत्र में अभिभाषण हुआ। अभिभाषण पर चर्चा के साथ देश की सबसे बड़ी पंचायत में कामकाज की शुरुआत हो गई। यह संक्षिप्त सत्र था, तो भी विपक्ष ने मर्यादित रहना उचित नहीं समझा। पीएम नरेन्द्र मोदी के धन्यवाद प्रस्ताव संबोधन के दौरान विपक्ष की अनवरत नारेबाजी ने खलल डाला। संसद में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। यह चिंता की बात है कि क्या संसद में सुनने-सुनाने का सामान्य शिष्टाचार भी खत्म हो रहा है? अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? जबकि पीएम मोदी की राजग सरकार के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण रहने वाले हैं, जिसमें संसद की भी अहम भूमिका होगी। राजग के इसी कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसी कार्यकाल में 'एक देश एक चुनाव' पर किसी नतीजे पर पहुंचने की कोशिश होगी। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर सशक्तिकरण का द्वार भी इसी कार्यकाल में खुलना है। यही कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दशा और दिशा तय करने में भी भूमिका निभाएगा। सवाल है कि क्या नई लोकसभा में हमें विभिन्न दलों में कुछ कर दिखाने की सामूहिक संकल्प शक्ति प्रदर्शित करने की उम्मीद रखनी चाहिए? यह सवाल बेहद जरूरी है। जरूरी इसलिए कि एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। संसद में सुचारू कामकाज के संचालन के प्रति दलों में घटती जवाबदेही ने संस्थागत विश्वसनीयता को बेहद कमजोर किया है। आम जनमानस में देश की सबसे बड़ी पंचायत की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या विभिन्न दल और उसके प्रतिनिधि अतीत से सबक लेते हुए संसद की कम होती जा रही विश्वसनीयता के प्रति चिंता दर्शाएंगे, या फिर भविष्य में नई लोकसभा के पन्ने भी कामकाज, शुचिता, प्रतिबद्धता की जगह हंगामे और बेवजह के शोर के अध्याय से भरे पड़े होंगे?

अतीत की, खास कर बीते दो-तीन लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल की समीक्षा करें तो एक बेहद निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। ये तस्वीर बताती है कि कैसे भारतीय राजनीति और संसद में राजनीतिक दलों-नेताओं के बीच मतभेद की जगह मनभेद ने गहरे तक जड़ें जमा ली हैं। मसलन पिछली लोकसभा ने सबसे कम बैठकों का कीर्तिमान बनाया। केवल 274 बैठकें हुई जो औसत 468 बैठकों से बहुत कम है। इस दौरान वित्त विधेयक को छोड़ कर 179 विधेयक पारित किए गए। चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 35 प्रतिशत विधेयकों को पारित कराने में एक घंटे से भी कम समय लगा। सिर्फ 30 प्रतिशत विधेयकों पर ही लगभग तीन घंटे से अधिक की चर्चा हुई। जरा सोचिये, संसद में पारित विधेयक कानून का रूप अख्तियार कर 140 करोड़ लोगों का भविष्य तय



करते हैं। बावजूद इसके विधेयकों पर चंद मिनट की चर्चा की औपचारिकता निभाना, देश की सबसे बड़ी पंचायत की कैसी छवि बनाएगा? बात यहीं तक सीमित नहीं है। संसद का सबसे महत्वपूर्ण अंग संसदीय समितियां लगातार निष्प्रभावी होती जा रही हैं। विधेयकों को विचार के लिए समितियों को भेजने का सिलसिला लगातार कम होता जा रहा है। मसलन 14वीं लोकसभा में 60 प्रतिशत, 15वीं में 71 प्रतिशत, 16वीं में 25 प्रतिशत विधेयक संसद में पेश करने से पहले संसदीय समितियों को भेजे गए। पिछली लोकसभा में महज 16 प्रतिशत विधेयक ही संसदीय समितियों को भेजे गए। बीती लोकसभा में 15 में से 11 सत्र समय से पूर्व स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित होना अब सामान्य बात हो गई है।

अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सबसे पहले तो इस तथ्य को सभी दलों को स्वीकार करना होगा कि संसद मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए है। नई परिस्थितियों, नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विमर्श के माध्यम से नए कानून बनाने और जरूरत पडऩे पर पुराने कानून में संशोधन करने के लिए है। संसद की स्थापना या गठन का मूल उद्येश्य यही है। समस्या यह है कि राजनीतिक दलों ने संसद को सियासत का माध्यम बना लिया है।

तो क्या वाकई स्थिति में अनुकूल बदलाव नहीं आएगा? या क्या हम स्थिति में बदलाव के लिए आशावादी हो सकते हैं? इसका जवाब तलाशने के लिए चार जून को आए आम चुनाव के नतीजे के बाद की स्थिति का अवलोकन कीजिये। मतगणना से पहले ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए। नतीजे आने के बाद जनादेश को विपक्ष ने अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश की। यह ठीक है कि भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, मगर सच्चाई यह भी है कि मतदाताओं ने उसकी अगुवाई वाले राजग गठबंधन को जनादेश दिया है। राजग के पास 294 सदस्यों का संख्या बल है, जो बहुमत से 22 ज्यादा है। विपक्षी इंडी गठबंधन को 234 सीटें ही मिली हैं। भाजपा को 240 सीटें व कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। बावजूद इसके विपक्ष ने जनादेश का सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण विपक्ष का नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाना है। विपक्षी इंडी गठबंधन से समारोह में सिर्फ मल्लिकार्जुन खरगे उपस्थित थे, वह भी कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से नहीं, बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से। क्या विपक्ष के नेताओं की शपथ ग्रहण समारोह से दूरी को उचित ठहराया जा सकता है? क्या यह जनादेश का अपमान नहीं है? क्या यह इस बात का संकेत नहीं है कि पिछली लोकसभा की तरह विपक्ष इस बार भी नकारात्मक मानसिकता के साथ संसद में सरकार से आर या पार की जंग की राह पर है?

जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। ऐसी राजनीति से लोगों की नजरों में संसद की ही नहीं विपक्ष की भी विश्वसनीयता घटेगी। नतीजे आने के बाद राजग संसदीय दल की बैठक में नरेन्द्र मोदी ने संसद में अच्छी चर्चा, प्रासंगिक-स्वस्थ बहस नहीं होने पर चिंता जाहिर की। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर सकारात्मक मानसिकता के साथ नई लोकसभा में अपना-अपना योगदान देने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान और सुझाव का स्वागत किया जाना चाहिए। संसद में स्वस्थ, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चा हो। ऐसी चर्चा और ऐसा विमर्श जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिले। ऐसी चर्चा जो यह साबित करे कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि सबसे संजीदा लोकतंत्र भी है। दल व जनप्रतिनिधि यह न भूलें कि संसद देश के करोड़ों लोगों की आस्था और उम्मीदों की प्रतीक है।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बैंकिंग रिफॉर्म

आर.के. सिन्हा



# साइबर ठगों व करप्शन से बचाना होगा बैंकों को

नरेन्द्र मोदी सरकार के केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के बाद एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकार अब बैंकिंग सेक्टर को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाती रहेगी। बीते कुछ सालों के दौरान, भारतीय बैंकों ने जितने उतार-चढ़ाव झेले हैं, शायद किसी अन्य देश ने नहीं झेला होगा। कई भारतीय बैंक अनेक घोटालों-घपलों, ऋण अदायगी न होने, जालसाजियों, अनर्जक परिसम्पत्तियों (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के बढ़ते बोझ, कर्जमाफी की गलत नीतियों आदि के कारण कई बार तो पूरी तरह डूब गए या भारी घाटे में चले गए। इससे निपटने के लिए पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कुछ कदम भी उठाए, लेकिन, इनके आधे-अधूरे कार्यान्वयन से आशातीत सफलता नहीं मिली।

लेकिन, राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। अनेक बैंक न सिर्फ घाटे से उबर कर लाभ की ओर अग्रसर हैं, बल्कि अनेकों घोटालों पर लगाम भी लगी है। अनेक घोटालेबाज़ों की सम्पत्ति कुर्क कर ऋण वसूली भी की गई है, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया गया और अनर्जक परिसम्पत्तियों का बोझ काफी कम हुआ है। क्या यह सुखद स्थिति नहीं है कि 2013 से 2017 के बीच बैंकों की अनर्जक परिसम्पत्तियां 12.47 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे लुढ़कते हुए सितंबर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई, भले ही इसमें सरकार द्वारा बैंकों के पुनर्पूंजीकरण का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति भविष्य में भी जारी रहेगी या "लौट के बुद्धु घर आए" की कहावत चरितार्थ होगी?

भारतीय बैंक इस तथ्य के साक्षी हैं कि देश की आज़ादी से पहले और बाद में भी वे डूबते रहे या भारी घाटा सहते रहे हैं। यह उबड़-खाबड़ स्थिति सोचने को विवश करती है कि जब तक लंबे समय तक सुधार प्रक्रिया जारी नहीं रहेगी, तब तक समस्या का स्थायी निराकरण संभव नहीं है। इस विषय पर वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन की हालिया प्रकाशित पुस्तक –"भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा"उपरोक्त विविध पहलुओं का बखूबी विश्लेषण करती है। आज़ादी से पहले और बाद में बैंकों में घोटालों, महाघोटालेबाज़ों, जालसाजी के हथकंडों, बैंकिंग में साइबर अपराधों, येस बैंक के उत्कर्ष एवं पतन, अनर्जक परिसम्पत्तियों के मकड़जाल आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। साथ ही, बैंकों के निजीकरण की गूंज, कृषि ऋणमाफी के अर्थशास्त्र, नोटबंदी, जन-धन योजना, रिजर्व बैंक की स्वायत्तता, डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता एवं जोखिम आदि की आलोचनात्मक चर्चा की गई है।

देश में आज़ादी के बाद निजी और सरकारी बैंक दोनों थे, लेकिन, उनमें अनेक घोटाले हुए और कई बैंक डूबे भी। फिर भी, सरकारी बैंक अर्थव्यवस्था की प्रगति एवं व्यवसाय में वृद्धि में एक प्रमुख इंजन रहे। निजी बैंक आम लोगों के आसानी से खाते भी नहीं खोलते थे। जुलाई 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से आम जनता की बैंकों तक पहुंच बढ़ने लगी। इस दौर में अनेक बैंकों का विलय हुआ, जिसके कतिपय सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सरकारी बैंकों में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, राजनीतिक हस्तक्षेप आदि से असली और फर्जी कंपनियों को अनाप-शनाप मात्रा में ऋण दिए गए, जिनमें से कइयों की वसूली नहीं हुई या आंशिक वसूली हो पाई। इससे सरकारी और निजी बैंकों दोनों को भारी घाटा हुआ।

1990 के दशक के आरंभ में उदारीकरण की नीति अपनाई गई और कुछ समय के बाद आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैंस (क्रेडिट कार्य, डेबिट कार्य, चेकों का शीघ्र समशोधन, बीमा. म्यूचुअल फंड खोलना आदि) एच.डी.एफ.सी., आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, येस बैंक जैसे निजी बैंक लोकप्रिय हुए। निजी बैंकों के नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी ने सरकारी बैंकों के सामने तगड़ी प्रतिस्पर्धा पेश कर दी। इससे सरकारी एवं अन्य निजी बैंक भी नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी का सहारा लेने को विवश हुए। नतीजतन, सरकारी एवं निजी बैंकों की स्थिति में कुछ सुधार अवश्य दर्ज किया गया, लेकिन उदारीकरण की लहर में घोटालों-घपलों, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, राजनीति हस्तक्षेप का सिलसिला भी आगे बढ़ता गया। हर्षद मेहता, केतन पारिख के घोटाले और ग्लोबल ट्रस्ट जैसे बैंक के डूबने जैसे घटनाक्रम इसी काल में हुए। मोदी सरकार के प्रथम कार्यकाल में पी.एन.बी. बैंक, पी.एम.सी. बैंक एवं अन्य सहकारी बैंकों, येस बैंक के घोटालों, महाघोटालेबाज़ों के विदेश भागने से भारी संकट पैदा हो गया था।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

## दर्शन

सद्गुरु। मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश करें



संकलित

## प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### कैसे पूरा होगा वन महोत्सव का उद्देश्य

हमारे देश में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा और वनों की कटाई से जीव–जंतुओं पर जो प्रभाव पड़ता है, उसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है। बरसात के मौसम में अगर पौधे लगाए जाएं तो यह इस मौसम में बहुत अच्छे तैयार होते हैं। इसलिए जिन लोगों के घरों में पौधे लगाने की जगह है, वो एक पौधा तो जरूर लगाएं। हालांकि बरसात के मौसम में कुछ राज्य सरकारें अपने यहां पौधे लगाने के लिए विशेष अभियान चलाती हैं। एनजीओ, समाजसेवी संस्थाएं और अन्य लोग भी इसके लिए काम करते हैं। अमरनाथ गुफा में शिवलिंग के समय से पहले पिघलने की खबर है। इससे यह साबित होता है कि धरती पर तापमान बढ़ रहा है, अत: पौधे लगाएं।– *पवन गुप्ता, धमतरी*

## ट्रेंड

### वातावरण के साथ जुड़ाव



ऐसे स्थान हैं जो हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज़ को आकर्षित करते हैं। आज जैसे ही मैं समुद्र के किनारे चली, मुझे आस-पास के वातावरण के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### मजबूत संबंध



मास्को पहुंच गया हूं। दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने की आशा है, विशेषकर सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों में। हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बजट ही बिगाड़ दिया



कोई एक सब्जी का नाम बताए जो 45 रुपए किलो से कम हो? आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, हरी मिर्च, गोभी, अदरक, शिमला मिर्च, तुरई, बैंगन, लहसुन के भाव आसमान छू रहे है। दाल,चावल, नमक, तेल ,घी की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी का बजट ही बिगाड़ दिया है।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कोई समस्या नहीं आएंगी




जीवन में बड़ा लक्ष्य बनाएं। हम जैसे ही सत्य और उच्च लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे तो मार्ग में मान-सम्मान, यश-अपयश, हानि-लाभ, जय-पराजय जैसी अवस्थाएं स्वाभाविक रूप से आएंगी, किन्तु जीवन में कोई भी समस्या बाधित नही कर पाती है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

## करंट अफेयर

# चिकित्सकों के साथ गतिरोध खत्म करेगा दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह देश में लंबे समय से चिकित्सकों के साथ जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए, हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित करने की अपनी पहले की योजना वापस लेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार की घोषणा के बाद, हड़ताल कर रहे कितने हजार चिकित्सक काम पर लौटेंगे। स्वास्थ्य मंत्री चो क्यो होंग ने सोमवार को कहा कि सरकार ने हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित न करने का फैसला किया है, चाहे वे अपने अस्पतालों में काम पर लौटें या नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले का उद्देश्य आपातकालीन तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे



चिकित्सकों की कमी से निपटना है। चिकित्सा प्रशिक्षु और रेजीडेंट के तौर पर काम कर रहे 13,000 से अधिक जूनियर चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में दाखिलों में वृद्धि करने की सरकार की योजना के विरोध में फरवरी से हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल से अस्पतालों के कामकाज पर काफी असर पड़ा है। उनकी हड़ताल को उस समय झटका लगा जब मई में सियोल की एक अदालत ने सरकार की योजना के समर्थन में फैसला दिया।

## ऑफ बीट

# 16 कीड़ों का होगा सिंगापुर में भोजन के रूप में इस्तेमाल

सिंगापुर के खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है।



'द स्ट्रेट्स टाइम्स' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते है। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म (भोजनकृमि) और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं। सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने कहा कि जो लोग मानव उपभोग या पशुधन के चारे के लिए कीड़ों का आयात या पालन करना चाहते हैं, उन्हें एसएफए के दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा। इन दिशानिर्देशों के तहत, इस बात का दस्तावेजी सबूत मुहैया कराना अनिवार्य है कि आयातित कीड़ों का खाद्य सुरक्षा नियंत्रण से संबंधित विनियमित प्रतिष्ठानों में पालन किया गया और इन्हें जंगलों से नहीं लाया गया। एजेंसी ने कहा कि जो कीड़े एसएफए की 16 कीटों की सूची में नहीं हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए आकलन से गुजरना होगा कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स–271018
ई–मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब–साइट: www.haribhoomi.com

08- JULY- COR- MAIN- Pg- 5 RAJDHANI_Layout 1 7/8/2024 10:34 PM Page 1



# नई टिकट स्कीम से 24 घंटे में यात्रियों को मिल सकेगा रिफंड, सप्ताहभर नहीं करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे में इन दिनों ज्यादातर यात्रियों की समस्या लगातार ट्रेन रद्द और फिर टिकट का रिफंड मिलने में देर बनी हुई है। यात्रियों की शिकायत रहती है कि उन्हें समय पर रिफंड नहीं मिलता। अपने पैसे के लिए कभी 3 दिन तो कभी सप्ताहभर का भी लंबा इंतजार करना पड़ता है।

- वर्तमान में पैसे वापस आने में 3 दिन से एक सप्ताह तक का लग जाता है समय

रेलवे ने यात्रियों की इस समस्या को अब खत्म करने का मन बना लिया है। जल्द ही टिकट रिफंड स्कीम लागू होगी, जिसमें यात्रियों को 24 घंटे के भीतर ही रिफंड मिल पाएगा। रेलवे लोकसभा चुनाव के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार कर लिया है, जिसमें रेलवे का जोर ज्यादा से ज्यादा ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे यात्रियों का सफर और बेहतर बन सके। एजेंडा में 24 घंटे टिकट रिफंड स्कीम, कॉम्प्रिहेंसिव सुपर ऐप, स्लीपर वंदे भारत ट्रेन और तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर शामिल हैं।

जोन के रेलवे अफसरों का कहना है कि नई स्कीम से टिकट कैंसिल करने और रिफंड में तेजी हो जाएगी। इस स्कीम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को 24 घंटे के भीतर में टिकट रिफंड के पैसे मिल जाएं।

## भारतीय रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में नई टिकट स्कीम भी शामिल, जल्द मिलेगी सुविधा

### सुपर ऐप भी करेगा कमाल

रेलवे की तरफ से एक सुपर ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है, जिसमें यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेनों की लाइव लोकेशन देखने तक की सारी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में सभी यात्रियों के लिए एक बीमा योजना को पेश करना भी शामिल है जिसका नाम पीएम रेल यात्री बीमा योजना होगा।रेलवे के कायाकल्प की इस योजना में रेलवे को आधुनिक विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 10 से 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।




### प्रयास जारी

हमारा प्रयास रहता है कि यात्रियों को कम समय में रिफंड मिल सके। रिफंड स्कीम को लेकर वर्तमान में पत्र नहीं मिला है। जानकारी मिलने से सूचित किया जाएगा।

**- विकास कश्यप,** सीपीआरओ

### टीडीआर रिफंड प्रक्रिया से आएगी तेजी

रेलवे में टिकट डिपॉजिट रिसीप्ट, टीडीआर के कई मामले सामने आते रहते हैं। यदि यात्री कंफर्म टिकट को रद्द करवाना चाहते हैं, तो चार घंटे पहले टिकट काउंटर पर ही फार्म भरकर रिफंड मिल जाता है। यदि वेटिंग टिकट है तो आधा घंटा पहले भी आपको टिकट काउंटर से रिफंड मिल जाता है और ऑनलाइन टिकट के लिए कंप्यूटर से ही टिकट रद करा सकते हैं, लेकिन कहीं रेल हादसा हो गया है और यात्री प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा है, तो ऐसे में चार्ट बन चुके होते हैं तो आपके लिए टीडीआर ही रिफंड का विकल्प है। इसके अलावा किसी आंदोलन के चलते ट्रेनों को रद्द कर दिया या फिर उनका रूट बदल दिया गया और यात्री टिकट का रिफंड लेना चाहता है तो टीडीआर भरना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया में तीन दिन से अधिक समय लग जाता है। नई सिस्टम से रिफंड एक दिन में मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया नौटंकी

**रायपुर।** भाजपा से पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजन साहू ने कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी करार देते हुए उनसे सवाल पूछा कि कांग्रेस यह बताएं कि 5 वर्षों में प्रदेश में बिजली की उत्पादन क्षमता बढ़े इसके लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के नेता मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए यह सब कर रहे हैं। श्रीमती साहू ने कहा कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में 4 बार से ज्यादा बिजली टैरिफ बढ़ाया गया। बिजली उत्पादन करने वाले 2 बड़े प्लांट बंद हो गए। उत्पादन क्षमता बढ़ने की जगह घट गई। बिजली कटने का विरोध करने वाले नागरिक पर राजद्रोह का केस डाल दिया गया। बिजली बिल हॉफ करेंगे का वादा करके सरकार में आई कांग्रेस ने बिजली बिल बढ़ाकर लोगों की जेब में डाका डाला। वो कांग्रेस किस मुंह से बिजली की बात कर रही है।

### वित्त आयोग कल आएगा, रायपुर के बाद जगदलपुर भी जाएगा

**रायपुर।** केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल 10 जुलाई की शाम राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल 11 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा। केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी रायपुर पहुंचेंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार प्रवास के दौरान आयोग यहां सरकार के साथ चर्चा करने के साथ ही पंचायत, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही उद्योग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है। आयोग नवा रायपुर का भ्रमण करने के साथ ही बस्तर भी जाएगा। राज्य के प्रवास से लौटने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा करेगा कि राज्य को 16वें वित्त आयोग से कितनी राशि दी जानी है।

### भाठागांव की शराब दुकानें बंद करने की मांग

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वॉलफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं। इस समस्या को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान उन्होंने कहा, शराब दुकान से लगकर सोनकर पारा, आनंद नगर, ब्रह्मदेव कॉलोनी, दंतेश्वरी मंदिर, वॉलफोर्ट सिटी, आस्क सिटी, साहूपारा, बृजविहार कॉलोनी, बीएसयूपी, स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित दर्जनों कॉलोनियां और अन्य बस्तियां हैं, जहां से गुजरते समय क्षेत्र के नागरिक, खासतौर पर महिलाएं भयभीत रहती हैं।

### कब्रिस्तान में किया पौधारोपण

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा सोमवार को नए बिरगांव कब्रिस्तान जमीन में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर खान की अध्यक्षता में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मोर्चा से प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, जिला महामंत्री लकविंदर सिंह, जिला उपाधयक्ष मोबीन खान, जिला मंत्री मासूम अली, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, पुरानी बस्ती मंडल अध्यक्ष आरिफ खान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष अजहर नदीम, उजैर कुरैशी, प्रदेश के पदाधिकारी असगर अली, गुलाम गौस, इरशाद अली सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### गांधी मैदान से सीएम हाउस तक जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

# बिलासपुर में हवाई सुविधा बढ़ाने रायपुर में मार्च, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर में हवाई सुविधा का विस्तार करने लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजधानी के गांधी मैदान से सीएम हाउस तक रैली निकाली। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए सीमांकन की वजह से अटके भूमि हस्तातंरण सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन सौंपा।

जन संघर्ष समिति के बैनर तले बिलासपुर में हवाई सुविधा शुरू करने के लिए लंबे समय से स्थानीय लोग आंदोलन कर रहे हैं। बिलासपुर हवाई सेवा बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है। विमानतल से के लिए सेना से भूमि हस्तांतरण की सारी कार्यवाही हो चुकी है, इसके बाद मामला सीमाकंन पर जाकर अटका है। वहां नाइट लैंडिंग को लेकर दस माह से टेक्नोलॉजी पर विवाद की स्थिति बनी हुई है। बिलासा देवा केंटर एयरपोर्ट में बड़े एयरक्राफ्ट की लैंडिंग के लिए रनवे की लंबाई बढ़ाना और 4 सी श्रेणी में अपग्रेड किया जाना आवश्यक है मगर इसके लिए डीपीआर तक नहीं बनी है। यहां अपग्रेडेशन के साथ रनवे विस्तार और अधिक क्षमता वाले टर्मिनल भवन बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की है।




### पांच साल से संघर्षरत

समिति के सदस्य पिछले पांच साल से बिलासपुर में हवाई सेवा बढ़ाने के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बिलासपुर राज्य का दूसरा सबसे प्रमुख शहर है मगर यहां हवाई सुविधा पर्याप्त नहीं है । बिलासपुर से छत्तीसगढ़ के 10 और मध्य प्रदेश के 3 जिले नजदीक है इसके बावजूद हवाई सुविधा में कमी है।

### सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

हवाई सेवा के विकास के लिए बिलासपुर से करीब सौ लोग सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। गांधी मैदान में एकत्रित होने के बाद वे बैनर पोस्टर लेकर सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। इनमें रामशरण यादव, शेख नजरुद्दीन, सुदीप श्रीवास्तव राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, स्वर्ण शुक्ला, महेश दुबे सहित कई लोग शामिल थे।

## 58 नायब तहसीलदारों की तहसीलदार के पद पर पदोन्नति

**रायपुर।** राज्य शासन ने 58 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत करते हुए उन्हें जिले में पदस्थ किया है। राजस्व विभाग से जारी आदेश में कई को दूसरे जिलों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदोन्नति आदेश स्वयंमेय निरस्त माना जाएगा।

- आदेश में कहा गया 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर लें कार्यभार

आदेश से प्रभावित होने वाले अधिकारियों में सतरूपा साहू गरियाबंद से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, भूपेश कुमार चंद्राकर कबीरधाम से धमतरी, वितेश कुमार देवांगन बलरामपुर-रामानुजगंज से गरियाचंद, कुणाल पांडेय मुंगेली से बस्तर, प्रीति शर्मा जांजगीर-चांपा से गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, शालिनी तिवारी जांजगीर-चांपा से जांजगीर-चांपा, सत्येन्द्र शुक्ल रायपुर से कांकेर, राहूल कुमार गुप्ता बालोद से दंतेवाड़ा, सुनील कुमार गुप्ता कोरबा से बलरामपुर-रामानुगंज, श्रीधर पंडा महासमुंद से सुकमा, रश्मि दुबे बालोद से कोण्डागांव, उमंग जैन सूरजपुर से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, किशन मिश्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से दंतेवाड़ा, रवि विश्वकर्मा दुर्ग में यथावत, आस्था चंद्राकर रायगढ़ से जशपुर, राजश्री पाण्डेय बेमेतरा से कबीरधाम, नीलिमा अग्रवाल मनेन्द्रगढ़-धिरमिरी-भरतपुर से सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता पटेल सरगुजा में यथावत, अनुराधा पटेल सक्ती से रायगढ़, सोनू अग्रवाल विलासपुर में यथावत पदस्थ किया गया है। मयंक कुमार अग्रवाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से गरियाबंद, अमन चतुर्वेदी रायपुर से सरगुजा, पौरस वेनताल धमतरी से कांकेर, उमाकांत जायसवाल कांकेर से जांजगीर-चांपा, प्रियंका चंद्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से कोरबा, हितेश कुमार साहू बिलासपुर से रायगढ़, सूरज बंछोर रायपुर से धमतरी, सृजन सोनकर दुर्ग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर दुर्ग से बालोद, आकांक्षा साहू राजनांदगांव से सरगुजा, मनीषा देवांगन मनेन्द्रगढ़-विरमिरी भरतपुर से जशपुर, मनीष सूर्यवंशी जांजगीर-चांपा से सारंगढ-बिलाईगढ़, महेन्द्र कुमार रायगढ से जांजगीर-चांपा, अविनाश चौहान दुर्ग से जांजगीर-चांपा, ममता राधे जांजगीर-चांपा से सरगुजा, संदीप कुमार साय विलासपुर में यथावत, चंद्रकांत राही बेमेतरा से मुंगेली, आशीप कुमार देवहारी जशपुर से खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, महेश्वर उड़के कोरवा से जशपुर, किशोर कुमार वर्मा महासमुंद से बलौदाबाजार-भाटापारा, कृष्णमूर्ति दीवान बिलासपुर से जशपुर, अभिजीत राजभानू सक्ती से कोरवा, लक्ष्मण कुमार राठिया कोरबा से बीजापुर, अखिलेश कुमार (निःशक्त) बेमेतरा से धमतरी, लीलाधर चंद्रा (निःशक्त) बिलासपुर से दंतेवाड़ा, शिवनारायण राठिया सूरजपुर में यथावत, कैलाश पोयाम धमतरी से बस्तर, मोहित कुमार साहू सक्ती से कांकेर और सौरभ चौरसिया को दुर्ग से नारायणपुर पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार पैकरा बलरामपुर-रामानुजगंज को यथावत, अवनाश कुजूर नारायणपुर से गौरेला-पेड्रा-मरवाही, अखिलेश कुमार ध्रुव बस्तर से नारायणपुर, डिंपल ध्रुव कबीरधाम से गरियाबंद, संगिता नाग कोरिया से सरगुजा, ऋतुराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज से जशपुर, जागेश्वरी पोयाम धमतरी से बस्तर, श्रुति ध्रुर्वे मुंगेली से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और पूनम रश्मि तिग्गा को जशपुर से बलरामपुर-रामानुजगंज पदस्थ किया गया है।

## बंद ना रहें कोई भी हेल्थ सेंटर, पैसे के लेनदेन से परहेज करे चिकित्सकीय स्टाफ

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मैदानी अमले को सख्त हिदायत दी है कि कोई भी हेल्थ सेंटर कभी भी बंद नहीं होना चाहिए। वहां इलाज के लिए गरीब तबके के लोग आते हैं, इसलिए पैसों के लेनदेन से चिकित्सकीय स्टाफ परहेज करे। उन्होंने बच्चों की बीमारियों का पता लगाने वाली आरबीएसके टीम की निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने सोमवार को चार घंटे तक जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उरला की घटना चर्चा में रही। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकीय स्टाफ को आम लोगों से सरल व्यवहार करने कहा। इसके साथ हेल्थ सेंटरों में साफ-सफाई और समय पर ड्यूटी पूरी करने पर जोर दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए काम करने वाली टीम के निरीक्षण में देर से जाने और जल्दी काम खत्म करने की शिकायत मिली। उन्होंने मामले में गंभीरता दिखाने और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बारिश के दिनों में डेंगू के संक्रमण को रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों की तलाश करने की हिदायत दी गई। एनआरसी रायपुर में 20 बेड बढ़ाने की महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी की सुझाव को पूरा करने के लिए कोविड वार्ड जिला चिकित्सालय पण्डरी में प्रस्ताव पारित कराने के निर्देश दिए।

### नहीं बंट पा रहे आयुष्मान कार्ड

जानकारी के अनुसार शहरी इलाकों में आयुष्मान कार्ड का वितरण सामान्य तरीके से नहीं हो पा रहा है। कार्ड में पता सही नहीं होने की वजह से इसे बांटने में कठिनाई आ रही है। इसके अलावा जिले में साढ़े चार लाख लोग ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाना बाकी है।

## बिजली कटौती और दाम बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बिजली बिल में बढ़ोतरी और लगातार कटौती को लेकर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। सोमवार को राजधानी रायपुर समेत राज्य के कई जिलों में कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्या को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

- पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी हुए शामिल
- प्रदेश के सभी 307 संगठन ब्लॉकों में दिया गया धरना

राजधानी रायपुर के राजीव गांधी चौक पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, महापौर एजाज ढेबर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। धरना के बाद लालटेन लेकर पैदल मार्च करते हुए बूढ़ापारा बिजली ऑफिस पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

राजधानी रायपुर के धरने को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी कर बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

### लालटेन लूटने की लगी होड़

राजीव गांधी चौक पर कांग्रेस ने लालटेन को लगाए गए पंडाल में तोरण की तरह लटकाया था। करीब दो दर्जन से अधिक लालटेन लगाए गए थे। धरना प्रदर्शन खत्म होने के बाद जब बड़े नेता वहां से चले गए, तब कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुर्सी पर खड़े होकर निकालने का प्रयास किया। यह देखकर कई महिला कार्यकर्ताओं ने भी लूटने का प्रयास किया। काफी देर तक यह क्रम चला। लूटने के चक्कर में लालटेन के कांच भी टूटकर नीचे गिर गए।



### बिजली बिल देखकर लोगों को लगा 440 वोल्ट का झटका: भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पूरे 5 साल सरप्लस बिजली छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को मिलता रहा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद तेलंगाना, गोवा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों को पावर एक्सचेंज एग्रीमेंट के तहत छत्तीसगढ़ से बिजली सप्लाई की जाती थी। अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार में अघोषित तौर पर बिजली की कटौती जारी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मांग से अधिक मेगावाट बिजली का उत्पादन करने की क्षमता है, लेकिन भाजपा की साय सरकार आने के बाद से विद्युत का उत्पादन और आपूर्ति दुर्भावना पूर्वक बाधित किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हर साल लगभग साढ़े 7 प्रतिशत की दर से बिजली की डिमांड बढ़ने का अनुमान लगाते हुए कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावाट संयंत्र की स्थापन के लिए आधारशिला रखी थी, जिसे भाजपा की सरकार आने के बाद से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री हैं और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है। विष्णु देव साय से ऊपर वाला भी रूठ गया, पानी तक नहीं गिर रहा। हमारी सरकार में कभी अकाल की स्थिति नहीं हुई, लेकिन विष्णुदेव सरकार से भगवान भी नाराज हैं, पानी तक नहीं गिर रहा है। जिस राज्य में कोयला उत्पादन, वहां बिजली कटौती हो रही है। उन्होंने कहा, बिजली बिल देखकर लोगों को 440 वोल्ट का झटका लग रहा है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं और अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बंजारी नगर निवासी अमरीका वर्मा की मौत हुई है। अज्ञात वाहन ने शुक्रवार को रिंगरोड-1 पर पैदल जा रही महिला को ठोकर मार दी। मौके से गुजर रहे लोगों ने महिला को पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे, जोन 10 कमिश्नरी हेडआफिस को अब प्रपोजल बनाकर देगा

# आरडीए के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम लेगा हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के आधा दर्जन प्रोजेक्ट दशकभर बाद भी नगर निगम को हैंडओवर नहीं हो पाये। इसके कारण संबंधित कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम से मूलभूत सुविधा मिलने में दिक्कत हो रही है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए आरडीए और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संबंधित क्षेत्र के स्पॉट सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा 1600 एकड़ में विकसित कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 3500 फ्लैट और 300 मकान, बोरियाकला में बनाये गये 1800 आवास वाला प्रोजेक्ट और हीरापुर में रायपुर विकास प्राधिकरण निर्मित 800 बहुमंजिला फ्लैट वाली आवासयी कालोनी शामिल है। नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के बीच 1200 करोड़ के आधा दर्जन फंसे हैं। आरडीए ने इन प्रोजेक्ट को अब तक रायपुर नगर निगम को हैंडओवर नहीं किया है। प्राधिकरण ने इन आधा दर्जन प्रोजेक्ट को अब नगर निगम को सौंपने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके लिए नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के 4-4 अफसरों की संयुक्त समिति बनाई गई है। इस समिति ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर और इंद्रप्रस्थ रायपुरा की आवासीय कालोनी का संयुक्त सर्वे का काम पूरा किया है।




### 10 साल से नगर निगम को हैंडओवर अटका

अधिकारियों की इस संबंध में बैठक होने के बाद नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी आरडीए इन संबंधित कालोनियों में जाकर वहां के सड़क की स्थिति , स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था,उद्यानों की माली हालत, गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित एसटीपी और रहवासी आवासों की मरम्मत में होने वाले खर्च को लेकर प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपेगा। विदित हो, रायपुर विकास प्राधिकरण का कौशिल्या विहार प्रोजेक्ट नगर निगम जोन 10 क्षेत्र में आता है। वहीं इंद्रप्रस्थ रायपुरा का क्षेत्र नगर निगम जोन 8 का हिस्सा है। इसलिए कमेटी में इस जोन के अफसरों को भी शामिल किया गया है। नगर निगम में हैंडओवर होने के बाद इन्हीं जोन के माध्यम से आरडीए के आधा दर्जन प्रोजेक्ट का मेंटनेंस होगा।

### प्रोजेक्ट हैंडओवर को लेकर अधिकारियों का ये है कहना

#### प्रस्ताव बना रहे

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के आवासीय कालोनी में स्ट्रीट लाइट की वर्तमान स्थिति, सड़क मरम्मत में होने वाले खर्च, उद्यान में होने वाले आवश्यक कार्य का स्थल पर आकलन कर प्रस्ताव बना रहे हैं। आरडीए से कितनी राशि लेना है, इसका डिमांड नोट तैयार कर दिया जायेगा। इसके बाद दोनों विभाग के अधिकारियों की एक बैठक और होगी। फिर एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव मंजूरी के लिए जायेगा।

**- रमेश जायसवाल,** जोन कमिश्नर, क्रमांक 10, नगर निगम रायपुर

#### प्रक्रिया में है ..

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा सहित आधा दर्जन आवासीय कालोनी को नगरनिगम में हैंडओवर लेने प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए नगर निगम और आरडीए के अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठक हो गई है। जोन 10 इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपने वाला है। इसके बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता नगर निगम और ज्वाइंट कमेटी के सदस्य

#### हम तैयार हैं ..

नगर निगम रायपुर को हम अपने आधा दर्जन प्रोजेक्ट को हैंडओवर करने के लिए तैयार हैं। सभी प्रोजेक्ट का निरीक्षण कराया गया है, दोनों विभागों के बीच बैठक भी हो चुकी है।

**- अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता रायपुर विकास प्राधिकरण

## खबर संक्षेप




### वेलस्पन वन ने जुटाए 2,275 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। वेलस्पन वन ने अपने दूसरे वित्त पोषण चक्र में निवेशकों से 2,275 करोड़ रुपये जुटाए है। एकीकृत फंड एवं विकास प्रबंधन मंच वेलस्पन वन ने सोमवार को सह-निवेश प्रतिबद्धताओं सहित 2,275 करोड़ रुपये के अपने दूसरे वित्त पोषण चक्र के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की। इस पूंजी का इस्तेमाल गोदाम के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह पूंजी करीब 800 सीमित साझेदारों (एलपी) या निवेशकों के विविध समूह से हासिल की गई।

### मर्सिडीज-बेंज की पहली छमाही में रिकॉर्ड बिक्री



**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की 2024 की पहली छमाही में भारत में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 9,262 इकाई हो गई। यह वृद्धि विभिन्न श्रेणियों में मजबूत मांग और बड़ी संख्या में मॉडलों की उपलब्धता के दम पर दर्ज की गई। कंपनी बयान के अनुसार, यह देश में उसकी अभी तक की सबसे अधिक बिक्री वाली छमाही रही। उसने 2023 की जनवरी-जून अवधि में 8,528 इकाइयों की बिक्री की थी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसकी योजना 2024 की दूसरी छमाही में छह नए उत्पाद पेश करने की है।

### प्रमुख भारतीय व्यवसायी बक्सानी का यूएई में निधन



**दुबई।** प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार को निधन हो गया। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, 'उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।'

### सेबी ने एसके फाइनेंस के आईपीओ को रोका



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एसके फाइनेंस के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को रोक दिया है। एसके फाइनेंस, वाहन वित्त और व्यवसाय ऋण पर आधारित एक गैर बैंकिंग वित्त कंपनी है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर सोमवार को दी जानकारी में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि एसके फाइनेंस के आईपीओ के संबंध में 'निष्कर्ष जारी करने पर रोक लगाई गई है।' हालांकि, ऐसा करने की वजह इसमें नहीं बताई गई है।

### मैन इंडस्ट्रीज को मिला 1,850 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** मैन इंडस्ट्रीज को एक अंतरराष्ट्रीय तेल एवं गैस कंपनी से 1,850 करोड़ रुपये की पाइप आपूर्ति का ठेका मिला है। मैन इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि इस ठेके के तहत एक विदेशी एलएनजी परियोजना के लिए एपीआई 5एल ग्रेड लाइन पाइप की आपूर्ति की जाएगी। लाइन पाइप की आपूर्ति अगले 12 से 18 महीने में की जाएगी। मैन इंडस्ट्रीज इस परियोजना के लिए एसएडब्ल्यू पाइप की आपूर्ति भी करेगी। इसके साथ ही कंपनी की ऑर्डर बुक 4,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी। मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया), मैन समूह की प्रमुख कंपनी है।

# बांड में एफडी से ज्यादा ब्याज, टैक्स छूट भी, निवेश पर होगा फायदा ही फायदा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नया वित्तीय वर्ष शुरू हुए दो महीने बीत चुके हैं. इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा भी नजदीक आ रही है। ऐसे में बहुत से आयकरदाता कर बचत और बढिया रिटर्न देने वाले निवेश विकल्पों की तलाश में हैं। भारत में कई ऐसी बचत योजनाएं हैं, जिनमें अच्छा रिटर्न तो मिलता ही है, साथ ही उनमें पैसे डूबने का खतरा भी बहुत कम होता है। बैंक एफडी भी उनमें से एक है। अगर कोई व्यक्ति थोड़ा रिस्क उठाकर ज्यादा रिटर्न पाना चाहता तो उसके लिए सरकारी बांड एक बेहतर विकल्प हो सकता है। कर और निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक एफडी लगभग 6 फीसदी रिटर्न देती है, जबकि बांड की यील्ड औसत 9 फीसदी रही है।

## बांड एफडी की तुलना में बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं

### एफडी की आय पर देना होता है आयकर

दोनों में लॉक-इन अवधि होती है, लेकिन बांड से मिलने वाला रिटर्न आयकर से मुक्त होता है। टैक्स सेवर एफडी को छोड़कर बाकी एफडी से होने वाली आय पर आयकर देना होता है। बांड एफडी की तुलना में जरूरी विविधता और बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं। बांड को ओटीसी मार्केट में ट्रेड किया जा सकता है, जबकि एफडी को जल्दी तोड़ने पर शुल्क लगता है। लॉन्ग-टर्म बांड आम तौर पर अच्छी यील्ड और ज़्यादा कुल रिटर्न एफडी की तुलना में देते हैं।




### जोखिम थोड़ा ज्यादा

एक रिपोर्ट के अनुसार, बांड आम तौर पर फिक्स्ड डिपॉजिट की तुलना में अधिक ब्याज देते हैं। बांड 9 फीसदी तक रिटर्न दे सकते हैं, जो फिक्स्ड डिपॉजिट से कहीं ज़्यादा है। हां, बांड में रिस्क एफडी के मुकाबले थोड़ा ज्यादा होता है।

### टैक्स बचत

बांड से होने वाली आय पर टैक्स नहीं लगता है, जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज पर 'अन्य स्रोतों से होने वाली आय' के रूप में टैक्स लगता है। इसके अलावा, निवेशक अपने बांड को पूंजी वृद्धि के लिए बेच सकते हैं, जो कि फिक्स्ड डिपॉजिट खाताधारकों के लिए उपलब्ध नहीं है।

### ज्यादा लिक्विडिटी

बांड एफडी की तुलना में ज्यादा विविधता और बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं। बांड को ओटीसी मार्केट में ट्रेड किया जा सकता है, जबकि एफडी को जल्दी तोड़ने पर शुल्क लगता है। पांच ऐसे कारण हैं, जो बांड को बैंक एफडी से बेहतर बनाते हैं। बांड आम तौर पर बैंक एफडी की निश्चित दरों की तुलना में अधिक रिटर्न प्रदान करते हैं। इससे निवेशक थोड़ा ज्यादा जोखिम उठाकर बेहतर रिटर्न पा सकते हैं। एफडी पर अर्जित ब्याज पूरी तरह से कर योग्य है, जबकि कुछ बांड, जैसे कि म्यूनिसिपल बांड, कर-मुक्त ब्याज आय प्रदान करते हैं।

## रिपोर्ट में कहा गया, बैंक अभी अच्छी स्थिति में

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विनिवेश को आगे बढ़ाने का समय : एसबीआई रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में विनिवेश को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे अच्छी स्थिति में हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में मौजूदा सरकारी बैंकों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया है।

- सरकार को अभी विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए

'केंद्रीय बजट 2024-25 की प्रस्तावना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है, 'चूंकि बैंक अच्छी स्थिति में हैं, इसलिए सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए।' इसमें आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के संबंध में कहा कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बैंक में लगभग 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

### खास बातें

- आईडीबीआई बैंक का सरकार विनिवेश कर रही
- एलआईसी भी बैंक में अपनी 61 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही




### 2022 में आमंत्रित की गई थी बोलियां

रिपोर्ट के अनुसार, 'उन्होंने अक्टूबर, 2022 में खरीदारों से बोलियां आमंत्रित कीं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को जनवरी, 2023 में पेशकश पर आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए। हमें उम्मीद है कि सरकार बजट में इसे स्पष्ट करेगी।'

### आईडीबीआई में सरकार की 45 फीसदी हिस्सेदारी

वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक में सरकार की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और (एलआईसी) की 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि सरकार को जमा ब्याज पर कर में बदलाव करना चाहिए और म्यूचुअल फंड तथा शेयर बाजारों के अनुरूप विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

### कासा में हो सकेगी वृद्धि

इसमें कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.3 प्रतिशत हो गई और 2023-24 में इसके 5.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। यदि हम म्यूचुअल फंड के अनुरूप जमा दर को आकर्षक बनाते हैं, तो इससे घरेलू वित्तीय बचत और चालू खाता और बचत खाता (कासा) में वृद्धि हो सकती है।'

### सरकार को अधिक जीएसटी मिलेगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि यह राशि जमाकर्ताओं के हाथ में होगी, इससे अतिरिक्त खर्च हो सकता है और इस तरह सरकार को अधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। इसमें कहा गया है, बैंक जमा में वृद्धि से न केवल मूल जमा आधार और वित्तीय प्रणाली में स्थिरता आएगी बल्कि घरेलू बचत में भी वित्तीय स्थिरता आएगी।

### समाधान तक पहुंचने में समय ज्यादा लग रहा

आईबीसी के माध्यम से वसूली वित्त वर्ष 2023-24 में 32 प्रतिशत रही और वित्तीय कर्जदाताओं ने अपने दावों का 68 प्रतिशत गंवाया। इसमें कहा गया है कि समाधान तक पहुंचने में 330 दिन के बजाय 863 दिन का समय लग रहा है।

# श्रम मंत्रालय ने रोजगार सृजन पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट को नकारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




श्रम मंत्रालय ने सोमवार को सिटीग्रुप की हाल में आई उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि भारत को सात प्रतिशत की वृद्धि दर होने पर भी रोजगार के समुचित अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

- सिटीग्रुप ने कहा, रोजगार पैदा करने भारत को संघर्ष करना पड़ेगा

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस रिपोर्ट को तैयार करते समय 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार आंकड़ों को ध्यान में नहीं रखा गया है। आरबीआई का केएलईएमएस डेटा उत्पादन में पांच प्रमुख बिंदुओं- पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराता है। सिटीग्रुप ने भारत में रोजगार के बारे में हाल में जारी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने पर भी भारत को रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने में समस्या पेश आ सकती है। कुछ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए खबरें जारी की हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह ऐसी रिपोर्ट का दृढ़ता से खंडन करता है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सभी आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण नहीं करती हैं।

### प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार

*पीएलएफएस और आरबीआई के केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2017-18 से लेकर 2021-22 के दौरान आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए। इस तरह प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार पैदा हुए और 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों के बावजूद ऐसा देखने को मिला।*

# बीमा कंपनियों का नया प्रीमियम संग्रह जून में 23 फीसदी बढ़ा




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीवन बीमा कंपनियों का नए कारोबार से प्रीमियम संग्रह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 22.9 प्रतिशत बढ़ गया। जीवन बीमा परिषद की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में बीमा कंपनियों ने नए कारोबार से कुल 89,726 करोड़ रुपये का प्रीमियम जुटाया।

- चालू वित्त वर्ष के पहले तिमाही में 22.9 फीसदी बढ़ा

एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 73,004 करोड़ रुपये था। जून के महीने में नए बीमा कारोबार से प्रीमियम संग्रह 14.80 प्रतिशत बढ़कर 42,433 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 36,961 करोड़ रुपये था। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की तरफ से अधिक बीमा सुरक्षा की मांग मजबूत रहने से जून में नई पॉलिसी जारी करने में सालाना आधार पर 12.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान 21,79,282 नई पॉलिसी जारी की गईं जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 19,43,529 पॉलिसी जारी हुई थीं।

### व्यक्तिगत एकल प्रीमियम बढ़ा

*आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम सालाना आधार पर 5.94 प्रतिशत बढ़कर जून में 3,823 करोड़ रुपये हो गया। वहीं तिमाही में एकल प्रीमियम में 14.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम जून में 19.61 प्रतिशत बढ़कर 8,310 करोड़ रुपये हो गया।*

# सोना 100 रुपए मजबूत, चांदी में 870 रुपए का उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- चांदी बढ़कर 94, 270 रुपए किलो

इसके अलावा चांदी की कीमत भी 870 रुपये बढ़कर 94,270 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 100 रुपये अधिक है।'' वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,373 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 डॉलर अधिक है। इसके अलावा चांदी भी बढ़त के साथ 30.93 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले सत्र में यह 30.55 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।




# मर्सिडीज की इलेक्ट्रिक कार उतारने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लक्जरी वाहन विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया पहली बार महंगा वाहन खरीदने की मंशा रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- भारत के नए ग्राहकों को महंगा वाहन खरीदने आकर्षित करेगी

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि वाहन स्वामित्व पर आने वाली बड़ी लागत को देखते हुए कंपनी लक्जरी खंड के नए ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ईक्यूए और ईक्यूबी मॉडल को बेहतर विकल्प के तौर पर पेश कर रही है। इसके अलावा ईक्यूबी 350 एसयूवी (पांच सीटर) मॉडल की कीमत 77.5 लाख रुपये और ईक्यूबी 250प्लस एसयूवी (सात सीटर) की शोरूम कीमत 70.90 लाख रुपये रखी गई है। अय्यर ने कहा कि कंपनी के नए इलेक्ट्रिक मॉडल ईक्यूए और ईक्यूबी को एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले युवा ग्राहक खरीदकर लक्जरी वाहन का लुत्फ उठा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि परंपरागत इंजन वाले मॉडल की तुलना में ईवी मॉडल की स्वामित्व लागत कम पड़ती है। हालांकि, अय्यर ने कहा कि मर्सिडीज-बेंज इंडिया अपने ईवी खंड में शुरुआती स्तर वाले मॉडल के साथ दो टॉप-एंड लक्जरी ईवी भी लेकर आने वाली है।



### कंपनी ईक्यूएस मेबैक एसयूवी भी लाएगी

अय्यर ने कहा, 'हम जल्द ही ईक्यूएस मेबैक एसयूवी की घोषणा करेंगे, जिसकी कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक होगी, जो एक टॉप-एंड ईवी है। इसके अलावा तीन करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली इलेक्ट्रिक जी-क्लास भी लेकर आएंगे।'

## टाटा मोटर्स समूह की वैश्विक बिक्री दो फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल वैश्विक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 3,29,847 इकाई हो गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,22,159 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने सोमवार को बयान में कहा कि पहली तिमाही में यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री एक साल पहले की तुलना में एक प्रतिशत घटकर 1,38,682 इकाई रह गई। अप्रैल-जून तिमाही में जगुआर लैंड रोवर की बिक्री 97,755 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना पांच प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सभी टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों तथा टाटा देवू श्रृंखला की वैश्विक थोक बिक्री 93,410 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है।

# मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 36 अंक की मामूली गिरावट

## एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर हुआ बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को मामूली 36.22 अंक की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

- ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने दूरी बनाए रखी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही। अंत में यह 36.22 अंक की मामूली गिरावट के साथ 79,960.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.77 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 3.30 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में बढ़त का रुख रहा।



### पेटीएम का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ा

ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम की परिचालक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया जिससे इसके बाजार पूंजीकरण में 2,279.88 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.12 प्रतिशत चढ़कर 472.05 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.87 प्रतिशत तक उछल गया था।

## व्हाइट गुड्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से

# घरेलू उपकरणों के लिए फिर से पीएलआई योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि वह एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट जैसे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों (व्हाइट गुड्स) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से 90 दिन के लिए एक बार फिर शुरू करने जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत व्हाइट गुड्स उद्योग अधिक निवेश करना चाहता है। इसे ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक खुली रहेगी।

- योजना 90 दिन के लिए एक बार फिर से शुरू हो रही



### अब तक 66 कंपनियों को चुना गया

समयसीमा खत्म होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के भेदभाव से बचने के लिए, नए आवेदकों के साथ योजना के मौजूदा लाभार्थियों को भी अपना निवेश बढ़ाकर आवेदन करने के लिए पात्र बनाया गया है। अब तक 6,962 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश वाली 66 आवेदक कंपनियों को पीएलआई योजना के लाभार्थियों के रूप में चुना गया है।

### अधिकतम तीन साल के लिए पात्र होंगे

योजना के दिशानिर्देशों के तहत, आवेदक केवल योजना की शेष अवधि के लिए ही प्रोत्साहन पाने के हकदार होंगे। बयान के मुताबिक, प्रस्तावित तीसरे दौर में स्वीकृत आवेदक अधिकतम तीन साल के लिए पीएलआई के तहत पात्र होंगे। केवल नए आवेदक और मार्च, 2023 तक की निवेश अवधि चुनने वाले एवं अपना निवेश बढ़ाने की मंशा रखने वाले मौजूदा लाभार्थी ही इसके पात्र होंगे।

### प्रोत्साहन राशि पाने के हकदार होंगे

वहीं जिन मौजूदा लाभार्थियों ने मार्च, 2022 तक की निवेश अवधि का विकल्प चुना है और प्रस्तावित तीसरे दौर में उच्च निवेश श्रेणी में जाना चाहते हैं, वे अधिकतम दो वर्षों के लिए ही प्रोत्साहन राशि पाने के हकदार होंगे। इसके साथ ही कारोबार में तरलता बनाए रखने, बेहतर कार्यशील पूंजी प्रबंधन और लाभार्थियों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अब पीएलआई की तिमाही दावा प्रसंस्करण की प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### अप्रैल 2021 में मिली थी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सात अप्रैल, 2021 को एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट के कलपुर्जों के उत्पादन और उनको असेंबल करने के लिए व्हाइट गुड्स की पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना को 2021-22 से 2028-29 तक सात साल की अवधि में लागू किया जाना है और इसका परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है।

08- JULY- K&C- MAIN- Pg- 8 CLASSI-SEHSH_Layout 1 7/9/2024 12:20 AM Page 1



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जल जीवन मिशन...

वस्तुस्थिति का जायजा लिया, तो पाया कि इसके तहत किए गए निर्माण आधे-अधूरे हैं। कई स्थानों पर निर्माण कार्य पूरी तरह से लापरवाही की भेंट चढ़ चुके हैं। राजनांदगांव में जब योजना के क्रियान्वयन की पड़ताल की गई, तो तथ्य निकलकर सामने आया कि यहां जल जीवन मिशन का बुरा हाल है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के चलते इस योजना का पूरा लाभ अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिल पाया है। कई गांव में सिर्फ पानी टंकी बना दी गई है, तो कई गांव में महज पाइप लाइन ही बिछा है। राजनांदगांव जिले के घुमका ब्लॉक के दर्जनों गांव में जल जीवन मिशन से नल जल का कार्य काफी धीमी गति से होने के चलते इस क्षेत्र में जल संकट गहराया हुआ है।

### 9 माह में...

में फरवरी 2022 में आबंटित किया गया था। जिसकी कार्यावधि 9 माह की थी यानी की नवंबर 2022 तक सभी कार्य पूर्ण हों जाने थे। लेकिन 20 माह अधिक होने के बाद भी महज 30-40 प्रतिशत ही कार्य ही हुआ है। जबकि इस योजना के मुख्य कार्य जैसे उच्च स्तरीय टंकी निर्माण और राइजिंग मेन पाइप लाइन कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है।

### जिम्मेदार अफसरों...

टेंडर की औपचारिकता पूरी की गई। इस योजना का जो पहले प्रस्ताव बनाया गया था, उसमें खारून नदी पर ग्राम भाठागांव (कुम्हारी) एनीकट से पानी लाने की योजना बनाई गई थी। भिलाई-चरोदा को 25 एमएलडी पानी की रोज जरूरत है।

### अब तक नहीं...

लगा दी है। यह देवबलोदा वार्ड में टंकी बन रहा था। अधूरे पड़े इस टंकी का कोई उपयोग नहीं है। सिर्फ रकम की बर्बादी हो गई। हर बार भिलाई-चरोदा में पेयजल समस्या को लेकर लोग जूझते है। निगम पानी टंकी से इनकी प्यास बुझाया करता है।

### समूचे बस्तर में...

विस्तार नहीं हुआ है। बस्तर जिले के भानपुरी करंदोला पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर 300 से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिया जाना था।

### खट्टर, शिवप्रकाश...

महामंत्री शिवप्रकाश भी रात 9 बजे यहां पहुंचे जाएंगे। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बुधवार सुबह आएंगे। प्रदेशभर के मंडलों के अध्यक्ष, जिलों के पदाधिकारी, पंचायतों के अध्यक्षों समेत दूरदराज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में रात तक रायपुर पहुंच जाएंगे।

### सबकी लेंगे...

इसके अलावा भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राज्यों में संगठन की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। यह मंडल स्तर से होगी। ऐसे में कार्यसमिति में मंडल अध्यक्षों को बुलाया गया है। मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी, इसको लेकर भी फैसला होगा। साथ ही संगठन के आने वाले समय में क्या-क्या कार्यक्रम होंगे, उस पर फैसला किया जाएगा।

### नायब तहसीलदार से...

दौरान कुलप्रीत सिंह ने राजस्व अफसर को उन्हीं के दफ्तर में मारपीट को अंजाम दिया गया। घटना के बाद रायपुर संभाग के सभी जिलों के पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार और तहसीलदार पटेवा थाना पहुंचे।

### देवेंद्र यादव को...

प्रदर्शन के दौरान उपद्रवी तत्वों ने कलेक्टोरेट बिल्डिंग के साथ एसपी कार्यालय तथा वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। उस प्रदर्शन में देवेंद्र यादव के शामिल होने के सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था।

### सीजेआई बोले-...

सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

### आपराधिक साजिश रचने...

सूर्यकांत तिवारी तथा उसके सिंडिकेट के सदस्यों के साथ मिलकर कोल ट्रांसपोर्ट करने डीओ तथा टीपी जारी करने प्रति टन 25 रुपए कमीशन हासिल किया।

### वेतन से पांच...

अपने वेतन से पांच गुना ज्यादा की प्रापर्टी खरीदी की है। तीसरे नंबर पर रानू साहू है, उसने अपने वेतन से साढ़े चार गुना ज्यादा की प्रापर्टी खरीदी की है।

### असम से लाकर...

की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि असम द्वारा स्थानांतरण की एक शर्त ये थी कि असम राज्य से अप्रैल 2023 में लाए गए 4 मादा वन भैंसों को 45 दिनों में जंगल में छोड़ा जाएगा लेकिन एक वर्ष से अधिक समय हो गया है, मादा भैंसों को अभी भी बारनवापारा अभयारण्य में कैद में रखा गया है। 2020 में लाए गए एक नर और एक मादा को भी कैद कर रखा गया है।

### केन्द्रीय जू अथॉरिटी...

नेशनल पार्क में ब्रीडिंग सेंटर नहीं खोला जा सकता। केन्द्रीय जू अथॉरिटी की सैद्धांतिक अनुमति को भी यह कह कर चुनौती दी गई है कि जब अभयारण में ब्रीडिंग सेंटर खोला ही नहीं जा सकता तो सैद्धांतिक अनुमति कैसे दी गई है।

### राज्यभर के 5000...

करने के लिए शासन स्तर पर दबाव बनाया जाता है। पटवारी खुद अपने खर्च डिजिटल टोकन बनाते हैं, इसके बाद भी आला अधिकारी उन्हें प्रताड़ित करने से नहीं चूकते। ऑनलाइन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए पटवारी की आईडी में आता है, जिसमें क्रेता-विक्रेता से संबंधित सारी जानकारी अंग्रेजी में रहती है, जिसे हिन्दी में टाइप करना पड़ता है, लिपिकीय त्रुटि हो सकती है। इसके लिए पटवारी को दोषी समझा जाता है।

### प्रमुख मांगें...

0 वर्ष में 2 बार उपायुक्त कार्यालय द्वारा पटवारियों का बस्ता जांच किया जाता है जबकि वर्तमान में सभी प्रकार के राजस्व अभिलेख ऑनालाइन हैं। इसलिए बस्ता जांच प्रथा पर रोक लगाई जाये। 0 अधिकतर समय भुइंया सर्वर धीमा रहता है। इसलिए भुइंया ऑनलाइन में कार्य करने का समय कार्यालय समय के अनुरूप प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखने की मांग। 0 भूमि खरीद बेंच में रजिस्ट्री के साथ ही भुइंया पोर्टल पर ही इसे अपडेट किया जाये। 0 आंदोलन कर रहे पटवारियों ने कहा है अगर उनकी मांगें नहीं मानी जाती तो अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

---

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**
E-mail Id-cmonpkotba@gmail.com Landline No. 07765268267

क्रमांक/03/ वार्ड परिसीमन/न.पं./2024-25 कोतबा, दिनॉक 06/07/2024

**// सूचना //**

**नगरीय निकायों का वार्ड परिसीमन वर्ष 2024**
**प्रपत्र (नियम 7 देखिये)**
**नगर पंचायत कोतबा क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोतबा नगर पंचायत क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण सबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए है, जो दिनांक 09 .07 .2024 नगर पंचायत कोतबा कार्यालय समयावधि में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव दिनांक 09 .07 .2024 से 15 .07 .2024 तक लिखित रूप में (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान :- कोतबा
दिनांक :-

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

---

**प्रपत्र**
**[ नियम 7 देखिए ]**
**नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना.**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पेण्ड्रा क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गए है, जो नगर पंचायत पेण्ड्रा कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सात दिन के भीतर लिखित रूप में (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

स्थान :- पेण्ड्रा
दिनांक :- 08/07/2024

प्राधिकृत अधिकारी एवं तहसीलदार
पेण्ड्रा

---

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग की समस्या का संपूर्ण इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र — सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर
76470-97309, 98279-66617

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS ARSH-RAHAT — आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा — अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये।
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखों पर काले घेरे है? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-न्यू मॉडर्न हाईस्कूल, अशोक नगर एवं डबरीपारा, सीपत रोड, चांटीडीह में वाणिज्य, संस्कृत एवं प्राथमिक कक्षा पढ़ाने हेतु शिक्षक, शिक्षिकाएं चाहिए। योग्यता बीकॉम, एमकॉम, वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- 7974501459, 79878 08398 (34752)

**आवश्यकता है**-गायत्री विद्या मंदिर उ.मा. शाला लालखदान, मस्तुरी रोड बिलासपुर में कक्षा 11वीं, 12 में कामर्स पढ़ाने हेतु शिक्षक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें सुबह 9बजे से 12बजे तक 9691165674 (34753)

**आवश्यकता है**-मेडीकल दुकान में कार्य हेतु लड़के चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री बंजरग मेडिकल स्टोर गणपती हास्पीटल के सामने राजस्व कालोनी रोड सरकंडा, बिलासपुर 6261488916, 9755148995 (34754)

**आवश्यकता है**-लक्ष्मी मेडिकल हॉल बिलासपुर शाखा में एचआर मैनेजर (Female) एवं मेडिकल में काम किए हुए अनुभवी लड़के, लड़कियां चाहिए। एचआर मैनेजर-2, फार्मासिस्ट-10, मार्केट बॉय-20 सम्पर्क करें- 9303100896 (34755)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल्स दुकान में काम करने एवं सामान निकालने, पैकिंग करने के लिए युवकों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रकाश इंटरप्राइजेस सरजु बगीचारोड तेलीपारा बिलासपुर 9329955344 (34756)

**आवश्यकता है**-कपड़े के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- लोक चंद संस, कश्यप कालोनी, गली नं.-3, करबला रोड बिलासपुर 9300266612 (34757)

**आवश्यकता है**-शिक्षक भर्ती सरस्वती शिशु मंदिर लोरमी के लिए योग्य अंग्रेजी शिक्षकों (3पद) की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 62639 34034, 8349506457 (34758)

**आवश्यकता है**-रेडीमेड शोरूम में अनुभवी सेल्समैन/सेल्सगर्ल वेतन 6000+ कमीशन एवं फोल्डर हेतु लड़कीयां वेतन 4000 से शुरू पता- राजलक्ष्मी गर्ल्स एण्ड किड्स वियर सिटी कोतवाली के सामने, बिलासपुर 99774 08030 (34759)

**आवश्यकता है**-हॉस्पीटल में साफ सफाई हेतु आया बाई तथा नर्स की आवश्यकता है सम्पर्क करें- केडीएम सहगल हॉस्पीटल इन्दु चौक बिलासपुर इच्छुक स्वयं आकर मिलें 9425899221, 98271 66240 (34760)

**आवश्यकता है**- Computer Operator- MS Office/ Excel/ English/ SAP में ऑन लाइन कार्य की अच्छी जानकारी पुरुष+ न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 87706 39768 (34761)

**आवश्यकता है**-ब्यूटी पार्लर एवं ट्रेनिंग सेंटर में मार्केटिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है एवं ट्रेनिंग हेतु भी सम्पर्क करें- मिनोचा पेट्रोल पम्प के सामने शिवाय प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 8982855236 (34762)

**आवश्यकता है**-Ordeal Company में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता 10वीं, 12वीं आय 10500 से 18000 रहना खाना फ्री पता- उस्लापुर ओव्हर ब्रिज के पास, बिलासपुर 8003402269, 9528368316 (34763)

**आवश्यकता है**-ऑफिस वर्क हेतु महिलाओं, लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 35 वर्ष योग्यता 8वीं से 12वीं सैलरी 5000 से 15000+ बोनस सम्पर्क करें- नेहरू नगर, मंगला, बिलासपुर 7225045049 (34764)

**आवश्यकता है**-आफिस में साफ सफाई कार्य, टेलीकालिंग करने हेतु युवक, युवतियों की अवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नेशनल ग्रुप ऑफ एजुकेशन बिलासपुर प्रकाशन कॉम्प्लेक्स मध्यनगरी चौक बिलासपुर 982715 6005 (34765)

**Required**-Nailedit Salon Vacancy Available for Experienced Salon manager, Nail Artist & beautician at Nailed It Address- Opp ccn channel, ware house road, bilaspur 7771811888 (34730)

**आवश्यकता है**-रजिस्टर्ड नर्स बीएससी नर्सिंग/ GNM वेतन 12000 से 14000 जॉब का समय 10am से 6pm सम्पर्क करें- जुनेजा आई हॉस्पिटल, अपोलो सीटी सेंटर के ऊपर, तृतीय तल बिलासपुर 9695644325, 73895 04106 (34591)

**आवश्यकता है**-शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वी, 12वी, स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना, खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 शीघ्र सम्पर्क करें- 8871422576, 99815 76163 (34742)

**आवश्यकता है**-क्लास 6th एवं क्लास 1st English Medium के दो बच्चों को घर आकर ट्यूशन पढ़ाने के लिए (Lady Tutor) शिक्षिका की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9685901101 (34746)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियो महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 सम्पर्क करें- अमेरी चौक श्री राम केयर हॉस्पिटल के पीछे बिलासपुर 8815960938 (34748)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सलूजा एजेन्सीज मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (34743)

**आवश्यकता है**-तत्काल भर्ती बिलासपुर में मॉल, हास्पिटल हेतु सुरक्षा गार्ड-25, सुपरवाईजर-2, फिल्ड आफिसर- 2 लेडिज गार्ड-2 वेतन 9000 से 15000 योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- शंकर नगर बिलासपुर 84618 81111, 8299144824, 9303280228 (34734)

**आवश्यकता है**-आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्ट टाइम/ फुल टाइम 30500 से 35500 महीना कमाएं जरूरतमंद लोग Whats app या कॉल करें +916267324667 (2872)

**आवश्यकता है**-एयरपोर्ट Head Office हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी लड़के- लड़कियाँ अनपढ़ 8वी, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट वेतन 28900- 84300 ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्फर, गार्ड, ड्राईवर फ्री रहना +खाना +मेडिकल रायपुर सम्पर्क-8860132534 (2868)

**आवश्यकता है**- दोसा दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी व फ्रेशर लड़कें/ लड़कियों मिस्त्री व सप्लायर की आवश्यकता है आवास भोजन की सुविधा सम्पर्क- साउथ इंडियन दोसा 36मॉल के सामने बिलासपुर 9300518958 (34738)

**आवश्यकता है**-बुजुर्ग महिला की देखरेख हेतु महिला वर्कर घर में खाना बनाने एवं कार ड्राइवर, कृषि सुपरवाइजर कार्य हेतु अनुभवी की। वेतन 7000 से 12000 सम्पर्क- ग्रीनपार्क जरहाभाठा बिलासपुर 9300611118 (34727)

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रीकल दुकान में माल निकालने एवं कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (34729)

**आवश्यकता है**-डिलीवरी ब्वॉय 1 की आवश्यकता है संपर्क करें डोर स्टेप लॉड्री मंदिर चौक बिलासपुर 99079 80004 (34731)

**आवश्यकता है**-रिशेपनिष्ट-1 (मेल/ फीमेल) कैशियर-1, (फीमेल) ड्राइवर-2 (मेल) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- होटल डाउन टाउन राजकिशोर नगर बिलासपुर 9144555000, 99262 00022, 9516300022 (34721)

**आवश्यकता है**-रायपुर रोड, भोजपुरी टोल नाका के पास ग्राम मोहदा मोड़ (बिलासपुर) में स्थित 2 एकड़ के फार्म हाउस में कार्य करने के लिए किसान परिवार की आवश्यकता है जो खेती एवं सब्जी उगाने के कार्य के अच्छे जानकार हो। रहने हेतु घर बिजली पानी की सुविधा सम्पर्क करें- 8305231923, 6232059911 (34723)

**आवश्यकता है**-सुरक्षागार्ड, गनमैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कार्य हेतु बाई चाहिए वेतन 8000 से 25000 आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 93011 86703, 8253010291, 8085233213, 8815151982, 9098996534 (34453)

**आवश्यकता है**-Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (2853)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट- वेटर सफाई कर्मचारी कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क- होटल अपना केसरी होटल शिव प्रभा, पावर हाऊस भिलाई 9893215251, 89669 81590 (528)

**आवश्यकता है**-आफिस में टेलीकालिंग कार्य हेतु महिलाओं, लड़कियों आवश्यकता है उम्र 18 से 38 वर्ष तक वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- होली क्रॉस स्कूल के पास मंगला बिलासपुर 8817626383, 6266328817 (34728)

**आवश्यकता है**-रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना, फ्री, वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- 8109070600, 7869230888 (6278)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर में कार्य करने हेतु ड्राइवर एवं गार्ड की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- विद्या नगर बिलासपुर 9200003040 (34722)

## बेचना

**बेचना है**-कमर्शियल प्लाट अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी, आधारशिला सैनिक स्कूल के पास सरस्वती महाविद्यालय के सामने 100×130 डबल रोड एवं सेंदरी सकरी हाइवे निरतू (कोनी) बिलासपुर में 74×175 (13080), 132×184 (24852) वर्गफिट का शानदार प्लाट तुरन्त बेचना है। सम्पर्क- 9406441535, 95757 88444 (34744)

**बेचना है**-अशोक नगर सांई विहार कालोनी में 3BHK ड्युप्लेक्स हाऊस कार पार्किंग किचन तीन बेडरूम, हॉल न्यू कंस्ट्रक्शन मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 9827878275 (34740)

**बेचना है**-अच्छी कंडीशनन में तीन नग मिठाई काऊन्टर चार काऊन्टर+ चार भट्ठी, इत्यादि समान बेचना है। सम्पर्क 8770253472 (34725)

**बेचना है**-इमलीपारा साइड रोड 20×60, 25×55, हाईकोर्ट के सामने जीवन विहार रोड में 80×55, 40×55 व्यापार विहार मेनरोड 22×80, 15×35 रायपुर मेनरोड किआ शोरूम के पास 55×135, 27.7×135, शांति नगर 90×84, 30×84, 37×70 45×84 अपोलो हॉस्पिटल के सामने कृष्णा लॉज के पास 24×64 सम्पर्क- 9827896182, 9827955199 (34735)

**बेचना है**-गौरव पथ महिमा विहार के सामने कान्हा हैरिटेज काम्प्लेक्स में फ्रंट की 12×18 दुकान, ऊंचाई 16फिट, 10फुट पार्किंग बिजली पानी वाशरूम सर्वसुविधायुक्त आफिस कम दुकान 41लाख में। सम्पर्क 8871320001, 8109180007 (34724)

**बेचना है**-अमेरी 16लाख T&C RERA प्लॉट, मात्र 5.5लाख सकरी व 23लाख प्लॉट नेचर सिटी व आसमा-1 में प्लॉट 23लाख, राजकिशोर नगर 3BHK मकान 53लाख 90% बैंक लोन सम्पर्क करे- 70002 97197, 8982491977 (34736)

**बेचना है**- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी देवरीखुर्द बिलासपुर MIG, 2BHK दो लेटबाथ तथा एक हाल किचन सेपरेट लेटबाथ सीढ़ी ट्यूबवेल पोर्च युक्त मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 7987785522, 83199 26096 (34712)

**बेचना है**- मंगला, उस्लापुर, अमेरी में टीएनसी एप्रुव्ड प्लाट मात्र 1250 रू प्रति वर्गफीट में व मकान 25 लाख से प्रारंभ बैंक फाइनेंस उपलब्ध संपर्क करें 9713666001, 99938 64783 (34732)

## किराया

**किराया**- व्यापार विहार श्रीराम टावर कामर्शियल काम्प्लेक्स बिलासपुर तीसरी मंजिल लिफ्ट सुविधायुक्त 1600 वर्गफीट हाल कार्यालय कोचिंग व्यवसाय हेतु किराया देना है संपर्क करें- 9424254836, 7987785522 (34713)

**किराया**-हाईटेक न्यू बस स्टैंड के सामने तिफरा बिलासपुर अम्बे प्लाजा में 12.6×33 =415 वर्गफुट दुकान ग्राउंड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर नं. G&F-38 किराये से देना है सम्पर्क करें- 9300227355, 9826113650 (34733)

## शैक्षणिक

**शैक्षणिक**-प्रवेश प्रारंभ सीधे 10वीं, एवं 10वीं पास सीधे 12वीं करें किसी भी बोर्ड के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी केवल फेल विषय की परीक्षा में बैठे विषय इच्छा अनुसार माध्यम हिंदी/ अंग्रेजी संपर्क नेशनल एकेडमी (रजि.) कुदुदंड बिलासपुर 9827923390 (2818)

## प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**- शेयर में निवेश करें और बाजार में सर्वश्रेष्ठ रिटर्न प्राप्त करें। सहायता और प्रशिक्षण के लिए संपर्क करे-8109315447 (6354)

## फायनेंस

**फाइनेन्स**-मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज 50% छुट 50000 से 5लाख तक लोन उपलब्ध धोखेबाजों से सावधान संपर्क 08826459431 (2869)

Education Institutions
कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल® भिलाई/रायपुर
विवेक कुमार वर्मा 568/720
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर — राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर — बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**

- जिला कार्यालय कोरबा:-बी. ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 8827054945, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो.9826705603
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586

**हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD** (समाचार ही नही, विचार भी) — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST for All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी भी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी भी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन भारत के 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 5-5 करोड़, कोच द्रविड़ को 2.5 और रिजर्व प्लेयरों में बंटेंगे 1-1 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपए कैश प्राइज देने की घोषणा किया था। इस 125 करोड़ रुपए में से 15 खिलाड़ियों को 5-5 करोड़ रुपए मिलेंगे, जिनमें तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। चार रिजर्व खिलाड़ी बल्लेबाज रिंकू सिंह और शुभमन गिल, तेज गेंदबाज आवेश खान और खलील अहमद को भी 1 करोड़ रुपए मिलेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम ने यादगार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। 29 जून 2024 को ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में खेले गए फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इससे पहले उसने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 के सीजन में टी20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

### बीसीसीआई ने सौंपा था 125 करोड़ रुपए का चेक

टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने बंपर प्राइज मनी का ऐलान किया था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया था कि भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। मुंबई में हुई विक्ट्री परेड के बाद बीसीसीआई ने टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए का चेक सौंप भी दिया था। शाह ने कहा था कि खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ, कोच और चयनकर्ताओं के बीच ये प्राइज मनी बांटी जाएगी।




### कोचिंग स्टाफ के चार मेंबर्स को 2.5-2.5 करोड़ रुपए

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ-साथ बाकी कोचिंग स्टाफ बैटिंग कोच विक्रम राठौर, फील्डिंग कोच टी दिलीप, बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे को 2.5-2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाकी बैकरूम स्टाफ को भी इनाम दिया जाएगा। तीन फिजियोथेरेपिस्ट, तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट्स, दो मसाज थेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच को 2-2 करोड़ रुपए मिलेंगे। तीन फिजियोथेरेपिस्ट में कमलेश जैन, योगेश परमार और तुलसी राम युवराज शमिल हैं। तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट्स राघवेंद्र दवगी, नुवान उदेनेके और दयानंद गरानी हैं। दो मसाज थेरेपिस्ट राजीव कुमार, अरुण कनाडे और सोहम देसाई स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच हैं।

### 42 सदस्यीय दल

बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप में भाग लेने गए भारतीय दल में कुल 42 लोग थे। इनमें टीम के वीडियो एनालिस्ट, टीम के साथ यात्रा करने वाले बीसीसीआई के स्टाफ मेम्बर्स (जिसमें मीडिया अधिकारी भी शामिल हैं) और टीम के लॉजिस्टिक्स मैनेजर भी शामिल हैं। बाकी के 10.5 करोड़ रुपए इनके बीच ही आवंटित होंगे।

### 15 सदस्यीय भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज। **ट्रैवलिंग रिजर्व:** रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान, शुभमन गिल.

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में 'स्थायी समाधान' मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति हैं। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

### रेहान पेशेवर टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में शामिल

**रबात।** भारत के रेहान थॉमस ने 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दूसरी पेशेवर प्रतियोगिता में ही शीर्ष 10 में जगह बनाई। दुबई में रहने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चार दौर में 69-73-69-72 का स्कोर बनाया। उनका कुल योग नौ अंडर रहा जिससे वह संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में भारत के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से केवल पांच खिलाड़ी कट में जगह बना पाए थे। भारतीय खिलाड़ियों में रेहान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।



### अमित-जेना को 15-15 लाख देने की घोषणा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर 'वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है।' इक्कीस वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी।




विंबलडन : 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ दर्ज की जीत

# विंबलडन : सिनर अंतिम-8 में, लुलु सन का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन, गॉफ बाहर

एजेंसी ▸▸| लंदन

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया।




### 14 साल में पहली बार कोई क्वालीफायर क्वार्टर में पहुंची

क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग में किसी क्वालीफायर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

### कीज हटी, जीती नवारो



महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

आमंत्रण

# मालदीव जश्न मनाने आएं टी20 चैंपियन भारतीय टीम




एजेंसी ▸▸| माले

मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन' ने 'मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री' के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है।' एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। इस बयान में कहा गया, 'हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा।'

### कुछ दिनों से सपनों में जी रहा हूं : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप का चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में मिले शानदार स्वागत के लिए आभार व्यक्त करने की कड़ी में गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से सपनों में जी रहे हैं। बुमराह ने टी20 विश्व कप में भारत की 17 साल बाद खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैं पिछले कुछ दिनों से बहुत आभारी हूं। मैं सपनों में जी रहा हूं और इसने मुझे खुशी और कृतज्ञता से भर दिया है।'

अभिषेक का खुलासा

# शून्य पर आउट हुआ तो हंसे युवराज, शतक पर दी बधाई




एजेंसी ▸▸| मुंबई

हरारे। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिम्बॉब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर युवराज सिंह काफी खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है। अभिषेक भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे।

अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा, 'मैंने शनिवार को उनसे (युवराज) बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह अच्छी शुरुआत है लेकिन अब वह मेरे परिवार की तरह खुश होंगे और उन्हें मुझ पर गर्व होगा। मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी काफी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की।

उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की।' रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा, 'शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।'

### अभिषेक के लिए फिर शुभ साबित हुआ शुभमन का बल्ला

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में शून्य पर आउट होने के बाद भारत के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जिंबॉब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिस बल्ले से शतक जड़ा, वह उन्होंने कप्तान शुभमन गिल से लिया था, जो जूनियर क्रिकेट के दिनों की तरह यहां भी उनके लिए शुभ साबित हुआ। अभिषेक ने 47 गेंद पर 100 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कहा, 'शुभमन का विशेष आभार जो उन्होंने सही समय पर मुझे अपना बल्ला दिया। मेरे लिए और टीम के लिए इस पारी की सख्त जरूरत थी। ऐसा अंडर-14 के दिनों से हो रहा है। मैं जब भी उनके बल्ले से खेला मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और आज भी ऐसा हुआ।'

### वीर ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की।



# क्रिकेटर अश्विन ने खरीदी ग्लोबल चेस लीग में टीम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है।

जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में तीन से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में अश्विन के हवाले से कहा गया, 'हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। रणनीतिक प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प के मिश्रण के साथ हमारी टीम खेल को फिर से परिभाषित करने का लक्ष्य रखती है। सह मालिक के रूप में मैं उनकी यात्रा का गवाह बनने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।'



### भारतीय हॉकी टीम स्विटजरलैंड रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया गया है। इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा, 'हमने अभी बेंगलुरु में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है।

महिला क्रिकेट टीम के सामने सीरीज 1-1 से बराबर करने की चुनौती

# अफ्रीका के खिलाफ भारत की निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को यहां आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।



दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें।

### भारतीय महिला टीम और म्यांमा में मैत्री मैच आज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमा टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमा के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे।

08- JULY- K&C- MAIN- Pg- 10 RAJDHANI_Layout 1 7/9/2024 12:00 AM Page 1




# आ गया 'इमोशनल' रोबोट, इंसानों की तरह महसूस करेगा जज़्बात

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

एक वक्त था, जब छोटे-बड़े सारे काम के लिए इंसानों पर ही निर्भर होना पड़ता था। विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ हमारा परिचय रोबोट्स से हुआ, जो फटाफट काम निपटा सकते हैं। यही वजह है कि हर इंडस्ट्री में इन्हें इस्तेमाल किया जा रहा है। इनके आने से हमें बहुत से फायदे भी हुए हैं और बहुत से नुकसान भी. हालांकि अब भी कई चीज़ें ऐसी हैं, जो रोबोट नहीं कर सकते लेकिन इंसान कर सकते हैं।


आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते रोबोट्स को इंसानों के काफी करीब पहुंचाया जा चुका है। हालांकि अब वो भी हो रहा है, जिनकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। दुनिया का पहला ऐसा रोबोट बनाया जा चुका है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वो इंसानी भावनाओं को समझ सकता है और उसके मुताबिक रिएक्ट भी कर सकता है। ये काम अपने ही पड़ोसी देश चीन के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है।



## कभी हंसेगा, तो कभी दिखाएगा गुस्सा!

### मशीनी नहीं 'इमोशनल' है ये रोबोट

चीन ने अपने नए आविष्कार से तहलका मचा रखा है। उसने गुअंघुआ नं. 1 नाम का रोबोट बनाया है, जो सिर्फ मशीन नहीं है, बल्कि इंसान के दुख-दर्द में उसके साथ भी रह सकता है। इसे वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कान्फ्रेंस में पेश किया गया। फुडान यूनिवर्सिटी की ओर से बनाए गए इस रोबोट की खासियत ये है कि इंसानों की भावनाओं को पहचानकर वैसी ही प्रतिक्रिया दे सकता है। इसके अंदर चार भावनाएं हैं – खुशी, गुस्सा, दुख और आनंद।



### बड़े काम की है ये अनोखी मशीन

इस मशीन को बनाने वावों का दावा है कि ये बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद है। फुडान यूनिवर्सिटी के डिप्टी डीन गन जोनगएक्सयूई ने बताया कि बुजर्गों की सेवा और उनका ध्यान रखने के लिए ये ह्यूमेनॉइड रोबोट बनाया गया है, जो सेहत का साथी होगा। ये न सिर्फ उनकी शारीरिक जरूरतों, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा। इमोशनल इंटेलिजेंस वाले इस रोबोट को देखकर लोग हैरान हो रहे हैं।




# एक हजार रुपए की रिश्वत का केस 25 साल चला, उपयंत्री को हाईकोर्ट से मिली राहत

**बिलासपुर**। जीवन धारा योजना के तहत सिंचाई के उद्देश्य से कुएं के निर्माण के लिए स्वीकृति अनुदान राशि का अंतिम किश्त जारी करने नवंबर 1999 को एक हजार रुपए रिश्वत मांगने व लेने के आरोप में फंसा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का उपयंत्री 25 वर्ष बाद आरोप मुक्त हुआ है। हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप को सिद्ध नहीं होना पाया है। कोर्ट ने विशेष अदालत से सुनवाई गई सजा को निरस्त किया है।



- हाईकोर्ट ने आरोप को सिद्ध नहीं होना पाया

अपीलकर्ता आरपी कश्यप सहायक अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा वर्ष 1999 में जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में उपयंत्री के पद में पदस्थ था। ग्राम पंचायत केल्हारी के ग्राम बिछिया टोला निवासी प्रेम बाबू मिश्रा की पांच एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई के उद्देश्य से जीवन धारा योजना के तहत कुएं का निर्माण करने 15 हजार 500 रुपए अनुदान स्वीकृत हुआ। दो किश्त जारी करने के बाद अंतिम किश्त जारी करने उपयंत्री पर 1000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगा। एसीबी ने मामले में 24 नवंबर 1999 को उपयंत्री को पकड़ा था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत न्यायालय में चालान पेश किया। 2002 में विशेष अदालत ने उसे 3 वर्ष कठोर कारावास व 3000 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई।

### सीमेंट और ट्रैक्टर परिवहन की राशि

सजा के खिलाफ उपयंत्री ने हाईकोर्ट में अपील की। अपील में कहा गया कि उसने शिकायतकर्ता के पास 1500 ईंट व पांच बोरी सीमेंट ट्रेक्टर से भेजा था। उसने पहले 800 रुपए दिए थे व शेष बकाया रकम 1175 रुपए लेना था। इसी बकाया रकम में से 700 रुपए देकर झूठे मामले में फंसाया गया है। उपयंत्री ने बचाव साक्ष्य में सीमेंट दुकान के मालिक, ईंट ले जाने वाले किसान व ट्रैक्टर मालिक सहित 5 गवाहों को पेश किया था। अपील पर जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्याय दृष्टांत को देखते हुए रिश्वत लेने का आरोप सिद्ध नहीं होना पाया। उपयंत्री से जब्त 700 रुपए रखना स्वीकार किया, किन्तु वे रुपए ईंट, सीमेंट का होना पाया। कोर्ट ने उपयंत्री को दोषमुक्त करते हुए विशेष अदालत के निर्णय को निरस्त किया है।

## एलियन्स को लेकर नया दावा

**न्यूयार्क**। एलियन्स को लेकर तरहअतरह के दावे किए जाते हैं। कोई कहता है कि वे अंतरिक्ष में ही रह कर धरती पर निगरानी रखते हैं, तो कोई उनका ठिकाना मंगल ग्रह बताता है। सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे बहुत किए जाते हैं। उनको लेकर कई तरह की थ्योरी दी जाती हैं, इस तरह की थ्योरी को कॉन्सपिरेसी थ्योरी या षड्यंत्र का सिद्धांत कहा जाता है, जिसमें किसी भी घटना की व्याख्या में बिना पुख्ता सुबूत के किसी साजिश के हाथ होने का दावा किया जाता है। ऐसा ही एक दावा सोशल मीडिया पर किया गया है जिसमें कहा गया है कि 'कई' एलियंस ने मनुष्यों को बताया है कि ग्रह पृथ्वी के चारों ओर एक अवरोध है जो उन्हें बिना अनुमति के यहां आने से रोकता है। सदियों से, मनुष्य अक्सर सोचते रहे हैं कि एलियंस वास्तव में कैसे दिखते हैं, और क्या वे वास्तव में हैं भी या नहीं। ठोस सबूत के बिना, कोई भी 100 फीसदी निश्चितता के साथ पुष्टि नहीं कर पाया है कि वे क्या हैं।




# 7 झरनों से महादेव करते हैं जलाभिषेक मानसून में मौसम और भी सुहाना

**नई दिल्ली**। मानसून के आगमन के साथ ही कई जलाशयों में पानी की आवक शुरू हो जाती है। इस समय लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने परिवार के साथ जाते हैं।

भीलवाड़ा में मानसून की एंट्री हो चुकी है, शहर और जिले में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। ऐसे में भीलवाड़ा के जलाशयों में पानी की आवक होना शुरू हो गई है। इसके कारण भीलवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में मशहूर भड़क झरना भी अब बहना शुरू हो गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। अब मानसून के साथ ही भड़क झरने में पर्यटकों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। यह एक ऐसा झरना है, जहां एक साथ 7 झरने बहते हैं।

### ऐसे पहुंचें भड़क झरने पर

भड़क झरना अपने आप में एक प्राकृतिक पर्यटक स्थल है। यहां प्रकृति द्वारा निर्मित ऐसे कई चीज हैं, जिसके माध्यम से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां एक प्रकृति का अद्भुत नजारा भी देखने को मिलता है। इस स्थल पर पहुंचने के लिए भीलवाड़ा जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूरी पर स्थित बिजोलिया और फिर 18 किलोमीटर दूर भड़क झरना आना होगा।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com